हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# एनसीईआरटी-एससीईआरटी की जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव बना रहे निजी स्कूलें, तीन गुना तक अधिक दाम देने पालक मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

शहर से लेकर जिलेभर में निजी स्कूलों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। मनचाही फीस वसूलने वाली निजी स्कूलें अब पालक पर एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी की जगह निजी पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव बना रहे हैं। जबकि एनसीईआरटी-एससीईआरटी के मुकाबले यह किताबें तीन गुना तक अधिक है। इतना ही नहीं फीस बढ़ोत्तरी को लेकर भी गाईड लाइन का पालन किए बिना इजाफा किया जा रहा है।

निजी स्कूल दुकानदारों से मिलीभगत कर एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें बेचते हैं। जबकि निजी प्रकाशकों की किताबें एनसीईआरटी की किताबों से कई गुना महंगी होती है। निजी स्कूल बुक स्टॉल पर सेट करके रखे हैं, उन्हीं की दुकानों पर उनके स्कूलों का कोर्स उपलब्ध है। हालांकि शासन के निर्देशानुसार एनसीईआरटी के अतिरिक्त निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए मजबूर किए जाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। निजी पब्लिकेशन और एनसीईआरटी के दामों में अंतर इससे समझा जा सकता है कि केंद्रीय विद्यालय के बच्चों की किताबें जहां कक्षा छठवीं की किताबें और कॉपी दोनों मिलाकर दो हजार रुपए में आ रही है। वहीं निजी स्कूलों में प्राईवेट पब्लिकेशन की किताबें एवं कॉपी लेने पर यह रकम सीधे पांच से सात हजार रुपए जेब से जा रहे हैं।

## प्रशासन के साथ ही शासन से भी इस मामले में शिकायत की तैयारी कर रहे पालक

### कई गुना महंगी किताबें

एक अभिभावक ने बताया कि एनसीईआरटी की जो किताब 50 से 70 रुपए में मिल जाती है, अब उसके लिए 200 से 250 देना पड़ रहा है। निजी प्रकाशकों से ली गई ये किताबें अपेक्षाकृत काफी महंगी है। इससे अभिभावकों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। पुस्तक ना होने के चलते कई छात्रों का सिलेबस भी पीछे छूट रहा है। मिली जानकारी के अनुसार किसी कक्षा की जहां एनसीईआरटी की किताब का सेट 600-1000 रूपए में आती है। वहीं निजी प्रकाशकों की पुस्तक का सेट 2000 से 2500 रुपए तक मिलता है।




### इससे पालक परेशान शिकायत की तैयारी

शहर में तीन दर्जन से अधिक निजी स्कूलों से यह शिकायतें सामने आ रही है। मामला इतना गंभीर हो गया है कि अब पालक परेशान होकर इसकी शिकायत करने की तैयारी में आ गया है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ पालक शिक्षा विभाग के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से इस मामले को लेकर सीधे लिखित शिकायत करने की तैयारी कर रहा है।

### पब्लिकेशन से सीधे संपर्क

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे खेल में पब्लिकेशन के साथ निजी स्कूलों का सीधे संपर्क होता है। स्कूल पब्लिकेशन से सीधे कमीशन का सौदा करता है और उस पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव पालकों पर बनाया जाता है। इतना ही नहीं जिस पब्लिकेशन की किताब संबंधित स्कूल उपयोग कर रहे हैं। उसको बेचने वाले बुक स्टोर से भी वह स्कूल कमीशन का सौदा कर रहे हैं।

---

### आगजनी की घटना पर नजर रखने फायर वाचर तैनात, ब्लोअर मशीनें भी बांटी

# फायर सीजन के पहले ही महीने में दो सौ बार जले अविभाजित जिले के जंगल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फरवरी-मार्च का महीना आते ही जंगल में आगजनी की घटनाएं शुरू हो जाती है। यही कारण है कि इसे फायर सीजन भी कहा जाता है। अविभाजित जिले में इस बार फायर सीजन के पहले ही महीने के अंतराल में सवा दो सौ से अधिक आगजनी की घटनाएं दर्ज की जा चुकी है। इनमें सबसे अधिक जंगल में आग लगने की घटना मोहला-मानपुर-चौकी जिले में हुई है। वहीं राजनांदगांव जिले के जंगल में भी 30 से अधिक आग लगने के मामले आ चुके हैं।

इधर फारेस्ट महकमा आगजनी की घटनाओं को रोकने एवं उसकी सटीक जानकारी रखने के लिए अमले को तैनात कर रखा है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों जिलों में वन विभाग के दो सौ से अधिक कर्मचारी पूरे फायर सीजन के दौरान आगजनी के मामलों पर अपनी नजर बनाए रखेंगे। इधर विभागीय अफसरों के मुताबिक पतझड़ के मौसम में इस बार हर बार की तुलना में ज्यादा तापमान है। इससे पहले फरवरी में बारिश भी नहीं हुई। सूखी हुई जमीन और गर्मी की वजह से जंगल में आग लगने की आशंका बढ़ जाती है।



### जीपीएस से मिल रही जानकारी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिन स्थान पर पिछले साल आगजनी की घटनाएं हुई थी। उन इलाकों पर अधिक फोकस रखा जा रहा है। वहीं जिले में आगजनी की जानकारी जीपीएस सिस्टम से मिल रही है। ज्ञात हो इन दिनों तेंदूपतता की सफाई चल रही है। ऐसे में हर बीट में एक वन रक्षक तैनात कर भी आगजनी की घटना पर नजर रखने का काम किया जा रहा है।

### इन वजहों से लगती है आग

मिली जानकारी के अनुसार फायर सीजन के दौरान जंगल में आग लगने के लिए जरूरी ईंधन, गर्मी और ऑक्सीजन की उपलब्धता होनी चाहिए। सूखी घास, पेड़ और झाड़ियों की मात्रा ज्यादा होने पर आग तेजी से फैलती है। तापमान ज्यादा होने पर सूखे पेड़ों की शाखाओं के आपस में रगड़ने से भी आग लग जाती है।

### इस तरह के होते हैं खतरे

जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है और इससे पशु-पक्षी, पेड़-पौधे और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। जंगल की आग को रोकने के लिए वन विभाग को सतर्क रहना होगा। जंगल की आग से पेड़-पौधे नष्ट हो जाते हैं। जानवरों के आवास नष्ट हो जाते हैं। जंगल की आग से जल की गुणवत्ता भी खतरे में पड़ जाती है। इससे निकलने वाला धुआं वायु की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

### फायर वाचर किए तैनात

वन विभाग ने आग लगने की घटनाओं पर नजर बनाए रखने के लिए वन क्षेत्रों में फायर वाचर की तैनाती की है। फरवरी से जून महीने के बीच आगजनी की घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए तैनात किए गए फायर वॉचर को ब्लोअर मशीनें भी दी गई है। विभाग ने उन इलाकों में अधिक फायर वाचर एवं ब्लोअर मशीनें उपलब्ध कराई है, जहां पर पिछले कुछ सालों में अधिक आगजनी हुई है।

---

# शादी से लौट रहे परिवार की कार पेड़ से टकराई, वनरक्षक की मौत

■ ट्रक चालक का भी फंसा हाथ, निकालने बुलानी पड़ी क्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मध्यप्रदेश मुड़घुसरी से शादी समारोह से लौटते वक्त रामपुर तितरी के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने से कार चालक प्रेमसागर शर्मा पिता शिवकुमार शर्मा 32 साल निवासी चंगुर्दा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। गौरतलब है कि मृतक प्रेमसागर शर्मा वन विभाग के चिल्फी रेंज के समनापुर बीट में वनरक्षक के पद पर पदस्थ था। तीन-चार साल पहले मोटर साइकिल दुर्घटना में पिता की मौत के बाद से अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। हादसे की सूचना मिलते ही रेंगाखर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम बाद मृतक के गृहग्राम चंगुर्दा रवाना किया, जहां देर शाम गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ।

**तेज रफ्तार ट्रक पलटा, दो घायल**

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण सड़क हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार रात राजनांदगांव-कवर्धा मेन रोड में साईं मंदिर के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। ट्रक राजनांदगांव से साल्हेवारा की ओर जा रहा था और इसमें बारदाना भरा हुआ था।

हादसा मोटर साइकिल रिपेयरिंग दुकान के पास हुआ, जहां संजय टंडन अपने दोस्त के साथ मौजूद था। ट्रक की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। संजय टंडन का नाबालिग बेटा भी वहीं खेल रहा था, गनीमत रही कि संजय ने उसे समय रहते बचा लिया। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ट्रक चालक टिकेंद्र चौहान जो बालाघाट जिले का रहने वाला है, उसका हाथ ट्रक में बुरी तरह फंस गया, जिसे निकालने के लिए क्रेन मंगानी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया।

### बेकाबू ट्रैफिक अधूरा बाईपास बना बड़ा संकट

जिला निर्माण के बाद से मुख्यालय में यातायात का दबाव कई गुना बढ़ गया है। प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण हालात बिगड़ते जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकार ने आनन-फानन में जिला गठन तो कर दिया, लेकिन आधारभूत ढांचे के विकास की कोई ठोस योजना नहीं बनाई। आज भी जिला मुख्यालय पॉलिटेक्निक कॉलेज में और एसपी कार्यालय डाइट बिल्डिंग में चल रहा है। शहर की सड़कों पर भारी वाहन दिन-रात गुजरते हैं। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। यातायात समस्या को हल करने के लिए सालों पहले बाईपास सड़क बनाने की योजना शुरू हुई, लेकिन पंद्रह साल बाद भी यह अधूरा है। नतीजा यह है कि भारी वाहन शहर के बीच से गुजरने को मजबूर है। जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।

---

# तापमान पहुंचा 43 डिग्री, प्रदेश में सबसे गर्म शहर रहा राजनांदगांव

■ सामान्य से अधिक पर पहुंचा तापमान, हीट वेव से बीमार पड़ रहे बच्चे एवं बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल का अधिकतम तापमान लगातार चढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को इस गर्मी सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान चढ़कर 43 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है।

इतना ही नहीं राजनांदगांव शहर शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर भी रहा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में और वृद्धि देखने को मिल सकती है। दिन के साथ ही रात के तापमान में भी इजाफा हो रहा है। अंचल का न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 21.5 डिग्री पर जा पहुंचा है। जबकि राजनांदगांव के बाद सबसे अधिक पारा बिलासपुर शहर का रहा, जहां तापमान 41 डिग्री पर पहुंच गया है। बाकी सभी शहर में तापमान 40 या इससे कम पर ही बना हुआ है।



### 30 के बाद लुढ़केगा तापमान

एक पश्चिमी विक्षोभ 5.8 किलोमीटर ऊंचाई 70 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर में स्थित है। प्रदेश में कल 29 मार्च को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। 30 मार्च को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है।

---

# गैर धर्म में युवक से विवाह के विरोध में हिन्दू संगठनों ने घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुस्लिम धर्म के युवक के साथ हिन्दू समाज की युवती द्वारा कोर्ट में प्रेम विवाह किए जाने के मामले में आज जमकर हंगामा हुआ। राजनांदगांव और दुर्ग जिले से पहुंचे विभिन्न हिन्दू संगठन के लोगों ने कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला विवाह अधिकारी न्यायालय का घेराव कर दिया।

जिले के ग्राम जोरातरई निवासी यादव परिवार की युवती को अंजोरा क्षेत्र निवासी एक मुस्लिम युवक द्वारा बरगलाकर अपने साथ ले जाने का युवती के परिजनों और हिंदू संगठन के लोगों ने आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र के मुस्लिम युवक ने यादव समाज की युवती से कानूनी विवाह करने के लिए अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी के न्यायालय में आवेदन किया था। जिनके कानूनी विवाह के लिए सुनवाई 28 मार्च को होना था।

⏩ शेष पेज 14 पर



### आज होनी थी शादी

बताया जा रहा है कि दोनों युवक-युवती का विवाह आज होना था, लेकिन उन दोनों के कलेक्टोरेट पहुंचने से पहले ही परिजन और संगठन के लोग कलेक्टोरेट पहुंच गए थे। वहीं इस विवाह को लेकर उन्होंने अपनी आपत्ति भी दर्ज कर दी।

### दोनों की तलाश जारी

युवती के परिजनों द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखने की शिकायत की गई है। युवती को ढूंढकर उपस्थित करेंगे। उन्होंने कलेक्टोरेट में विवाह के लिए आवेदन लगाया था। जिसकी सुनवाई की तिथि आज तय थी। दोनों बालिग है, इसलिए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

- पुष्पेंद्र नायक, सीएसपी

---

# कई महीनों से भुगतान नहीं निर्माण कार्यों पर लगा ब्रेक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत जिले में होने वाले कामों पर पिछले कार्य का भुगतान नहीं होने के चलते ब्रेक लग गया है। कई महीनों से भुगतान नहीं होने के चलते ठेकेदारों की मुसीबतें भी बढ़ती जा रही है।

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा अपने चहेतों पर मेहरबानी दिखाई जा रही है। उनके बिल के भुगतान कर दिए जा रहे है। हालांकि इस मामले को लेकर शिकायत की भी तैयारी हो रही है। बताया गया कि शासन स्तर पर जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग की शिकायत होगी।

उल्लेखनीय है कि जिले में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत कराए जाते हैं। पिछले कुछ सालों में भी लगातार काम कराए गए, लेकिन काम करने वाले ठेकेदारों को अब तक महीनों से भुगतान नहीं हो पाया है। कई दफा ठेकेदारों ने विभाग में संपर्क कर भुगतान के लिए आग्रह भी किया, लेकिन अब तक पेमेंट नहीं हो पाया है। वहीं अपने करीबियों को भुगतान कर दिया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों में जिन ठेकेदारों को भुगतान किया गया है, उसको लेकर जांच की मांग हो सकती है। बताया गया कि जिन ठेकेदारों को पेमेंट किया गया, उन्हें क्यों भुगतान किया गया, इसकी जांच हो सकती है। इस मामले की शिकायत ईएनसी से किए जाने की तैयारी कर ली गई है।

---

### ईद और रामनवमी की भी तैयारियां शुरू, बाजार में दिख रही रौनक

# नवरात्रि, झूलेलाल जयंती सहित अन्य पर्व का समागम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मार्च माह के अंतिम दिनों में पर्वों का समागम रहेगा। 30 मार्च को हिन्दू नववर्ष व नवरात्रि प्रारंभ और झूलेलाल जयंती, गुडी पड़वा अंचल में श्रद्धा-भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। वहीं ईद पर्व की भी व्यापक तैयारियां की जा रही है।

मार्च माह पर्वों से भरा रहा है। पूर्व में होली पर्व लोगों ने हर्षोल्लास एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाया। इस माह के अंतिम दिनों 30 मार्च को कई पर्वों का समागम बना रहेगा। इस दिन से हिन्दू नववर्ष प्रारंभ हो रहा है। वहीं शक्ति की देवी की आराधना कर पर्व चैत्र नवरात्रि इसी दिन से प्रारंभ हो रहा है। वहीं 30 मार्च को गुडी पड़वा व झूलेलाल जयंती भी हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाएगी।





### बाजार में बढ़ी चहल-पहल

पर्व को लेकर बाजार में जमकर खरीदी शुरू हो चुकी है। लिहाजा सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों बाजार में चहल-पहल बढ़ी हुई है। पर्व के लिए पूजा सामग्रियों के अलावा अन्य सामग्रियों की मांग भी लोगों के बीच है। शहर में पर्व के लिए साज-सजावट भी की गई है। मंदिरों में भी साफ-सफाई व रंग-रोगन के साथ-साथ आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। पर्व के दौरान हिन्दू संगठनों द्वारा शहर में बाइक रैली भी निकाले जाने की तैयारी है।

### 30 मार्च से चैत्र नवरात्र की होगी धूम

खासकर चैत्र नवरात्र पर्व के लिए शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के देवी मंदिरों में व्यापक तैयारियां की जा रही है। जोत-जंवारा स्थापना हेतु पूर्व से ही तैयारियां की जा रही है। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। नवरात्र पर्व पर अंचल के प्रसिद्ध देवी मंदिर मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति डोंगरगढ़ में रहेगी, जिसे लेकर पुलिस व प्रशासन भी व्यापक तैयारियां कर रही है। ज्ञात हो कि नवरात्र के दौरान बड़ी संख्या में दूर-दूर से लोग पदयात्रा करते हुए डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। जिनकी सेवा के लिए विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा पदयात्रा मार्ग पर सेवा पंडाल लगाने की तैयारी की जा रही है।

---

### माय एंगल




संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इलपेशंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जाँचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप



### महिलाओं का सम्मान

**डोंगरगढ़।** नगरकोरा में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन ध्यान महिला समूह ने किया। मुख्य अतिथि जिपं सदस्य अनिता मंडावी ने छत्तीसगढ़ महतारी पर दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। इस मौके पर महिला समूह की महिलाओं को श्रीमती मंडावी ने सम्मानित किया। इस मौके पर स्वच्छता और जल संवर्धन पर चर्चा किया गया। इस मौके पर सरपंच रेवती कंवर, उपसरपंच पीतांबर कंवर, ग्राम पटेल ढेलूराम साहू, महिला समूह के दुर्गा सिंहा टुमेश्वरी साहू, दीप सिन्हा, नूतन साहू आदि मौजूद थे।

### जनहित में खोला प्याऊघर



**डोंगरगढ़।** वन नाका के पास सागर रामटेके ने जनहित को ध्यान में रखकर प्याउ घर खोल कर लोगों को शुद्ध पानी मुहैया करा रहे हैं। बढ़ती गर्मी और पानी की किल्लत को ध्यान में रख कर फिल्टर एवं ठंडा पानी की व्यवस्था कर उन्होंने सराहनीय पहल की है।

### पीआईसी का गठन

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने गुरूवार को सामान्य सभा की बैठक में पीआईसी का गठन करते हुए सदस्यों के नाम की घोशणा की है। बैठक में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, प्रदीप शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, सुनील जैन चिकू सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में अध्यक्ष रमन डोंगरे ने पीआईसी का गठन करते हुए सदस्यों की घोषणा किया। आवास पर्यावरण एवं लोकनिर्माण विभाग का जिम्मा पार्षद अमित जैन, जल कार्य विभाग देवेन्द्र साखरे, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ए डीकेश राव, बाजार विभाग सुमित ताम्रकर, खादय नागरिक आपूर्ति एवं पुर्नवास तथा नियोजन प्रीति समुन्द्रे, शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग डॉ. रेखा राघोरते, विधि एवं समान्य प्रशासन विभाग उमा महेश वर्मा को दिया गया है। इस दौरान उपस्थित लोंगो ने पीआईसी मेंबरों को बधाई दी।

### विंध्यवासिनी मंदिर में रहेगी नवरात्रि की धूम

**डोंगरगढ़।** कोपेनवागांव में पहाड़ों पर माता विंध्यवासिनी के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व 30 मार्च से प्रारंभ होगा। अध्यक्ष सुखदास वर्मा, संरक्षक हर्षिता स्वामी बघेल, मार्गदर्शक दयाराम वर्मा, सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि आगामी 30 मार्च को ज्योति कलशो की स्थापना की जाएगी। दो अप्रैल को पंचमी भोग, 5 अप्रैल को अष्टमी हवन के बाद शाम 7 बजे से ज्योति विसर्जन होगा।

### टीन शेड के लिए 2 लाख की घोषणा



**गंडई पंडरिया।** ग्राम कटंगी के चतुर्भुज मंदिर में तेरस मेला का आयोजन 27 मार्च को किया गया। मेला में कटंगी सहित आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शाम को मेला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों को भाजपा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। उन्होंने मंदिर परिसर में टीन शेड निर्माण के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान राजेश मेहता, राकेश ठाकुर, जीवनदास रात्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### सरकार की वादाखिलाफी से पंचायत सचिव नाराज

# सचिवों की हड़ताल से पंचायतों के काम थमें, बढ़ी लोगों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरकार की वादाखिलाफी के कारण गत 18 मार्च से पंचायत सचिव हड़ताल पर चले गए हैं जिसके कारण पंचायतों का काम चौपट हो गया है। लोग जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीयन कराने और राशन कार्ड बनवाने सहित प्रधानमंत्री आवास के लिए भटक रहे हैं। नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार तो मिल गया है लेकिन बैकिंग कार्य और कार्य योजना नहीं बनने के कारण वह भी खाली बैठे हैं। दरअसल भाजपा ने सत्ता में आने के पूर्व शासकीयकरण करने का वादा सचिवों से किया था। सरकार गठन के 19 माह बाद भी शासकीयकरण का वादा पूरा नहीं हुआ है।



#### कई सचिव रिटायर

जानकारी के अनुसार 1995 से कार्यरत सचिवों में से 2 तिहाई सचिव रिटायर हो गए हैं और अगले 2 वर्ष में 50 फीसदी और रिटायर हो जाएंगे। रिटायर होने के बाद सचिवों को किसी प्रकार पेंशन, ग्रेज्यूटी राशि नहीं मिलने से जीवन निर्वाहन करना तकलीफ दायक हो जाएगा।

#### आंदोलन को सरपंचों ने दिया समर्थन

**मानपुर।** पंचायत सचिवों की हड़ताल लगातार जारी है हालांकि शासन ने कार्य पर लौटने का अल्टीमेटम देते हुए ऐसा नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। नव निर्वाचित सरपंचों ने सचिव संघ की मांग को अपना समर्थन दिया है। वहीं हड़ताली सचिवों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित है। सरकार की ओर से जब तक ठोस पहल नहीं किया जाता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। ब्लाक के सचिव मां छुरिया मंदिर प्रांगण के सामने नारेबाजी और प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन में ब्लॉकअध्यक्ष दिलीप सहारे, सचिव कुबेरराम चोरिया, संरक्षक बंशी ठाकुर, उपाध्यक्ष दीनू राम जगनेकर, रशिदा, लक्ष्मी हिड़ामे, शैलेन्द्री, अर्जुन कलिहारे, गौतरिहा कोमरे, गोवर्धन देशमुख, संतोष गोटे, पिंगला कमरों, साकेत देवांगन, रमेती सलामे, अर्जुन साहु, दयालू चनापे, मुनेन्द्र भुआर्य, नीरज टांडिया, जयंती कुमेटी आदि शामिल हो रहे हैं।



#### अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल हो रहे सभी सचिव



**डोंगरगांव।** प्रांतीय आह्वान पर ब्लाक के सभी सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर डटे हुए है। जनपद पंचायत कार्यालय के निकट सचिव गत 18 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है।उनका कहना है कि सत्तारूढ़ भाजपा ने सरकार बनने पर 100 दिन के भीतर शासकीयकरण करने का वादा किया था। सरकार बनने के 19 महीने बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं हो सकी है। हड़ताल के 12 वें दिन संघ के अध्यक्ष रामदुलार साहू, योगेश साहू, पुनमचंद साहू, कोमल साहू, निलेश गुर्वे, शशिकांत, मोनिका खत्री, ज्योति, राजकुमारी, विजय साहू, डेमन साहू, विरेन्द्र साहू सहित अन्य सचिव सम्मिलित हुए।

---

# पोर्टल नहीं खुलने से किसान परेशान

■ किसानों का नहीं हो पा रहा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



पंडरिया खार और टिकरीपारा खार के किसान अपनी फार्मर आईडी बनवाने के लिए कंप्यूटर सेंटरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लग रही है। पंडरिया और टिकरीपारा खार ऑनलाइन पोर्टल में दिखाई ही नहीं दे रहे हैं, जिससे आईडी बनाने की प्रक्रिया अटक गई है।

किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फार्मर आईडी बनवाना अनिवार्य है। जिसके लिए किसानों को आधार कार्ड, पर्चा और पासबुक ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज कराना होता है लेकिन पंडरिया खार और टिकरीपारा खार के किसान जब फार्मर आईडी बनवाने कंप्यूटर सेंटरों पर जा रहे हैं, तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जा रहा है कि उनके खार का नाम पोर्टल में उपलब्ध नहीं है।

#### होगा दिक्कत का निराकरण

ग्राम सेवक ओम पटेल ने बताया कि तकनीकी कारण से पंडरिया खार और टिकरीपारा खार ऑनलाइन नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने उच्च अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा दिया है। जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। अनुविभागीय कृषि विस्तार अधिकारी वीरेंद्र डहरिया ने बताया कि अभी शहरी क्षेत्र के किसानों का पोर्टल दिखाई नही दे रहा है जिसे जल्द खोल दिया जाएगा। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा किसानों को भटकने की आवश्यकता नहीं है। सीएससी सेंटर, पटवारी और ग्राम सेवकों को सूचित कर पंजीकृत किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाएगी।

#### भटक रहे किसान

सूत्रों के अनुसार किसान आईडी बनवाने की अंतिम तिथि 31 मार्च है। अंतिम तिथि करीब होने से किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। उन्हे चिंता सता रही है कि निर्धारित तिथि तक आईडी नहीं बनी तो विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित हो जाएंगे। जानकारी के अनुसार पंडरिया खार में लगभग 415 और टिकरीपारा में सैकड़ों किसान हैं, जो इस समस्या से जूझ रहे हैं।

---

# अजय बने व्यापारी संघ के अध्यक्ष

■ पहली बार हुआ संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



ग्राम में गत 25 मार्च को व्यापारी संघ का पहली बार गठन किया गया। व्यापारी संघ के गठन से व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है।

गठन के लिए आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजय जैन, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू , सचिव धरम जैन, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सलाहकार सुरेश जैन, वाणी विलास पटेल, अमरोतन साहू, विक्की सोनी, चिंता साहू, सहसचिव घनश्याम साहू,सदस्य प्रमोद पारख , डोमेश्वर पटेल, पुरुषोत्तम साहू, इंद्र वर्मा, आशीष साहू, दुलार पटेल, कोमल साहू, नीलकंठ साहू, दीपक चावड़ा, संजय सिंगी, संतोष साहू, गिरीश जैन, दीपक सेन, कोमल साहू, मीडिया प्रभारी आकाश जैन एवं राकेश शर्मा को चुना गया। पदाधिकारियो को सुनील जैन, अशोक जैन, नरेंद्र जैन, भूपेन्द्र सोनवानी, परमानंद कौशिक, घनेन्द्र साहू, ताराचंद जैन, राजकुमार साहू, पाराशर साहू, राजा साहू, दामेश्वर साहू, देवेंद्र लिल्हारे ने बधाई दी है।

---

# नवोदय प्रवेश परीक्षा में कामयाब हुए बच्चे



**गंडई पंडरिया।** नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में शिक्षकों द्वारा संचालित नवोदय एवं प्रयास कोचिंग सेंटर ने एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। इस कोचिंग सेंटर के 4 छात्रों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में प्रवेश के लिए हुआ है। चयनित छात्रों में प्राथमिक शाला पैलीमेटा की चांदनी मंडावी, प्राथमिक शाला गर्रा की पूर्वी वर्मा, भाग्यश्री जंघेल तथा प्राथमिक शाला नेवासपुर के हेमकरण बारले शामिल हैं। बीईओ आरके डड़सेना, प्रभारी पीताम्बरसिंह राजपूत, पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठक यांत्री पौडवाल, कौशल सिंह राजपूत और राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह कोचिंग सेंटर संचालित किया जा रहा है। यहां शिक्षक दीपक मिश्रा, पूर्णेश वैष्णव, मायाराम राठौर, महेश वर्मा, भागचंद साहू, खेमशंकर साहू, उज्जवल नामदेव, बिरेन्द्र वर्मा, पुनेश्वर देवांगन, नंदकुमार जंघेल, खेमलाल जंघेल, संतोष झारिया और संतोष रजक नियमित रूप से छात्रों को मार्गदर्शन देते रहे हैं।

#### भावेश पढ़ेगा नवोदय विद्यालय में



**डोंगरगांव।** नवोदय प्रवेश परीक्षा में सीजी पब्लिक स्कूल की कक्षा 5वी के छात्र भावेश जैन ने सफलता हासिल किया है। वह अब पीएम श्री नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में पढ़ाई करेगा। भावेश नगर के व्यवसायी चंद्र कुमार जैन के सुपुत्र है। प्रारंभ से प्रतिभावान भावेश का चयन शहरी क्षेत्र से हुआ है। उन्होंने चयन सूची में 14वां स्थान प्राप्त किया। उन्हे प्राचार्य एजाज अली हाशमी, रियाज अली हाशमी, सबा हाशमी, सुलोचनी गुरू, विनिता पटेल, रेणु यद्धु, वीनी साहू, शर्मिला कुंवर, प्रणव सारस्वत, सुकाल सिंह, प्रकाश यादव, पुनित ठाकुर, अनिल साहू आदि ने बधाई दी है।



#### दो छात्र चयनित

**पटेवा।** श्री गुरुकुल विद्यापीठ स्कूल जालबांधा के छात्र सांई प्रसाद पिता राम निवास प्रसाद एवं करन कुमार बंजारे पिता नीलकंठ बंजारे ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त किया है। शाला परिवार ने उनके चयन पर प्रसन्नता जताते हुए बधाई दिया है।

---

### शराब दुकान के विरोध में धरना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

■ कांग्रेस ने कहा : शराब से बढ़ेगी अशांति

पैलीमेटा में नवीन शराब दुकान खोलना प्रस्तावित है। शराब दुकान के विरोध में कल शनिवार को जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा की अगुवाई में कां ग्रे सी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा दोपहर 12 बजे धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम किया जाएगा। श्री वर्मा ने बताया कि पैलीमेटा काफी शांत क्षेत्र है। यहां शराब दुकान खोलना ग्रामीणों के हित में नही है। दुकान खुलने से लोगों के हाथ आसानी से नशीला पेय पदार्थ पहुंच जायेगा और गांव का माहौल खराब होने का डर रहेगा। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

# कॉलेज के विकास पर चर्चा




**अर्जुनी।** नवीन महाविद्यालय में गत दिनों प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने एजेंडा के अनुरूप महाविद्यालय के विकास एवं विभिन्न गतिविधियों, समस्याओं से सदस्यों को अवगत कराया। बैठक में आगामी सत्र में संचालित होने वाले बीए, बीकॉम, बीएससी तृतीय के अध्यापन हेतु अतिरिक्त तीन कक्ष, प्रवेश में वृद्धि, गोल्ड मेडल प्रदान करने, तीन प्रसाधन कक्ष की मरम्मत, विभिन्न गतिविधियों पर होने वाले व्यय एवं अन्य विकास के मुद्दों को जनभागीदारी समिति के समक्ष रखा। बैठक में उपस्थित सभी ने अपने विचार प्रकट कर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सर्व सहमति से उक्त मुद्दों के निराकरण का निर्णय लिया गया।बैठक में जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सदस्य विना पाण्डे, चंद्रकला सोनकर, ललिता टांडेकर, बानूराम साहू, भैयालाल साहू, रमेश निर्मलकर, किशोर हल्बा आदि उपस्थित थे। संचालन एवं आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया।

### घटिया निर्माण पर जताया नाराजगी



**छुरिया।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, उपाध्यक्ष भूषण नेताम ने पूर्व में हुए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमओ अजय सिंह, इंजीनियर, पार्षद उपस्थित थे। अध्यक्ष ने पूर्व हुए निर्माण कार्य की हालत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि विकास कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने नालियों में गंदगी भरे रहने पर नाराजगी जताया। उन्होंने वार्ड जाकर जनता की समस्या से रूबरू होने कहा। उन्होंने जलसंकट को देखते हुए बोरिंग की मरम्मत कराने कहा।

# नवरात्र में होंगे विविध धार्मिक आयोजन, तैयारियां हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

धर्मनगरी में चैत्र नवरात्रि पर्व भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस बार 8 दिन का नवरात्रि पर्व होगा। पर्व के दौरान हवन पूजन, अनुष्ठान, ज्योति स्थापना, विसर्जन एवं सप्तसति पाठ, विशेष अभिषेक की प्रक्रिया आचार्य और पंडितों द्वारा संम्पन्न कराया जाएगा। दर्शनार्थी और ज्योत स्थापित करने वाले भी उपर मंदिर एवं नीचे मंदिर में आयोजन के साक्षी बन सकते है।

आगामी 30 मार्च को प्रातः 5 बजे से उपर और नीचे माता का विषेश श्रृंगार और माता की आरती के साथ नवरात्र पर्व की शुरूवात होगी। उपर मंदिर में लगभग 7 हजार ज्योति की स्थापना शाम 6 बजे होगी। वहीं नीचे मंदिर एवं शीतला मंदिर में काल भैरव, छिन मस्ता माता, ग्राम देवी देवताओं के आव्हान के साथ मंदिर के प्रमुख बैगा की उपस्थिति में प्रथम ज्योत सहित 851 ज्योति कलष की स्थापना की जाएगी।

सतचंडी पाठ की शुरूवात प्रातः 9 बजे होगी। उपर



मंदिर में आचार्य रघुनाथ प्रसाद पांडे, नीचे मंदिर में आचार्य राजकुमार पांडे सहित अन्य आचार्य पूजन संपादित कराएंगे। आगामी 2 अप्रैल को पंचमी अभिषेक, 4 अप्रैल को कालरात्रि अभिषेक, 5 अप्रैल को 9 बजे उपर मंदिर हवन पूजन, रात्रि 7 नीचे मंदिर हवन शुरू होगा। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को उपर मंदिर में प्रातः 4 बजे ज्योति विर्सजन एवं रात्रि 7 बजे से नीचे मंदिर एवं शीतला मंदिर के ज्योति कलशों का विर्सजन होगा।

---

### साहू समाज ने श्रद्धा के साथ मनाया कर्मा जयंती

# जयंती कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



तहसील साहू संघ, परिक्षेत्र साहू संघ कोकपुर तथा ग्राम साहू समाज दर्राबांधा के तत्वावधान में दर्राबांधा में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वर्चुवल संबोधित किया। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव मौजूद थी। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने की । विशेष अतिथि रमेश सोनवानी, नरेंद्र हिरवानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, नीरेंद्र साहू, नीरा साहू, शैलेन्द्र साहू, विभा साहू, महेंद्र यादव, जागृति चुन्नी यदु, प्रशांत कोड़ापे, मधुकांत यादव, रंजीता पडोती, अमरनाथ साहू, मनीष साहू, अनिता पंचारी, मदन साहू, कोमल साहू, बसंत निषाद, ठाकुरराम वर्मा थे।

उक्त मौके पर प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने समाज के लोगों को हर क्षेत्र मे आगे बढ़ने तथा समाज के सरल, सुलभ न्याय व्यवस्था का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति को दिलाने का आव्हान किया। विधायक साहू ने कहा कि हर अच्छे कार्य करने वाले के सामने चुनौती आती है जिसे सहर्ष स्वीकार करना चाहिए। इस मौके पर जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव, दिनेश गांधी, डां निरेन्द्र साहू, शैलेन्द्र साहू, नीरा साहू, विभा साहू, महेन्द्र यादव, जागृति यदु, मनीष साहू आदि ने संबोधित किया।

#### प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

कार्यक्रम के पहले भक्त माता की प्राण प्रतिष्ठा एवं नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने प्रतिवेदन का वाचन करते हुए सामाजिक कुरुतियो को दूर करने और शिक्षा के क्षेत्र मे किए जा रहे प्रयास की जानकारी दी। इस मौके पर जिला पंचायत, जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों सहित सामाजिक प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। जिसमे नितिन साहू, उत्तम साहू, डां एकेश कुमार, पुरुषोत्तम साहू, यशवंत साहू के अलावा दसवी, बारहवी एवं उच्च शिक्षा मे श्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले शामिल थे। तहसील साहू संघ ने निःशुल्क कोचिंग से नवोदय विद्यालय में चयनित बच्चों का भी सम्मान किया।

#### मौजूद रहे सामाजिक जन

कार्यक्रम का संचालन लविंद्र साव, सचिव धनराज साहू ने किया। इस दौरान रामप्रकाश साहू, प्यारेलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, हरिश्चंद्र साहू, रमेश साहू, त्रिलोक साहू, शिवराम साहू, मीना साहू, सुरेंद्र साहू, मूलचंद्र साहू, गणेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, नोहर दास साहू, माधव साहू, बेलसराम साहू, पोवादास साहू, नितीन साहू, उत्तम साहू, इन्दु साहू, कौशल साहू, पूर्णिमा साहू, पुनारद साहू, सुंदर साहू, बलिराम साहू, चेतन दास साहू, पोहन साहू, रवि साहू, सरिता साहू, रेशम साहू, मोहनीश साहू, टकेश्वर साहू, कृष्णा साहू, रामेश्वर साहू, चुन्नी साहू, भागवत साहू, चुम्मन साहू, रामकुमार साहू, हेमंत साहू, खिलावन साहू, तुलाराम साहू, जनक साहू आदि उपस्थित थे।

# भंवरदाह जंगल में 10 को ज्योत स्थापना



**गंडई पंडरिया।** निकटवर्ती भंवरदाह जंगल की इन दिनों साफ सफाई किया जा रहा है।यहां आगामी 10 अप्रैल को ज्योत स्थापना किया जाना है जिसके लिये मंडप बनाया गया है। जानकारी के अनुसार गंडई राज परिवार की आराध्य माता भ्रामरी देवी भंवरदाह जंगल में विराजमान है। यहां ज्वारा स्थापना नगरवासियों के साथ मिलकर किया जाता है। नगरवासियों की भ्रामरी देवी पर गहरी आस्था है जिसके चलते उक्त स्थल में साल दर साल ज्योत की संख्या बढ़ते जा रही है। जानकारी अनुसार राज परिवार एवं नगरवासियों द्वारा भंवरदाह जंगल स्थित माता भ्रामरी मंदिर सहित आस पास क्षेत्र की सफाई किया गया है। मंदिर पहुच मार्ग के अवरोध को हटाकर मुरुम डालकर सुगम बनाया गया है। इसी दौरान नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने पूजा अर्चना किया और नगरवासियों को भोज कराया।


## शराब के कारण फैल रही सामाजिक विकृतियां

# नई शराब दुकानों के विरोध में दी गई आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ में बढ़ते नशे और अपराध के खिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने एकजुट होकर आवाज उठाते हुए सरकार द्वारा प्रस्तावित 67 नई शराब दुकानों को बंद करने और अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मे उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में पहले से ही शराब के कारण सामाजिक विकृतियां फैल रही हैं।

नशे की लत के कारण घरेलू हिंसा, सडक़ दुर्घटनाएं, दुष्कर्म, छेडख़ानी सहित अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं इस स्थिति से वाकिफ होने के बाद भी सरकार का नए शराब दुकान खोलने की अनुमति देना समाज के लिए विनाशकारी है। उन्होने कहा कि आज प्रदेश के युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। अपराध बढ़ रहा हैं, परिवार टूट रहा हैं और समाज में नैतिक पतन हो रहा है। ऐसे में सरकार शराब पर नियंत्रण लगाने की जगह नई दुकानें खोलकर इसे बढ़ावा दे रही है। उन्होने कहा कि भगवती मानव कल्याण संगठन लंबे समय से नशा मुक्ति अभियान चला रहा है। लाखों लोग उनके प्रयासों से नशे और मांसाहार को त्याग चुके हैं। यदि सरकार शराबबंदी को लेकर ठोस कदम उठाए, तो प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जा सकता है।संगठन पदाधिकारियो ने सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि वह शराब की बिक्री बढ़ाने के बजाय नशा मुक्ति अभियान को प्रोत्साहित करे। प्रदेश को नशा मुक्त घोषित करने की दिशा में ठोस रणनीति बनाए।



### पूरे प्रदेश में होगा आंदोलन

संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लेती है, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। शराब और नशे के खिलाफ यह लड़ाई सिर्फ कुछ लोगों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। इस स्थिति मे यदि सरकार ने नई शराब दुकानों की अनुमति वापस नहीं ली और अवैध नशे पर लगाम नहीं लगाई तो पूरे प्रदेश में आंदोलन कर जनता को जागरूक करने सडक़ों पर उतरेंगे। सरकार द्वारा नई शराब दुकानों की अनुमति के निर्णय को जनता के हितों के खिलाफ बताते हुए सरकार से शराबबंदी की दिशा में कदम बढ़ाने और नशा मुक्ति अभियानों को प्राथमिकता देने की मांग की है। इस दौरान भगवती मानव कल्याण संगठन के अध्यक्ष रत्नेश वर्मा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के रूपलाल वर्मा, केसरी वर्मा, विद्या वर्मा, बिसन वर्मा, अनिल पाल, नागेश पाल, जीवन साहू, उदय वर्मा, इंदल मरावी, अरविंद निषाद, अजीत यादव, पप्पू वर्मा, करण यादव, नंद कुमार निषाद, मनोज वर्मा, नरेंद्र वर्मा, संतोष जंघेल, मनोज जंघेल, चंद्र प्रकाश वर्मा, संजय वर्मा, दीपक वर्मा, गैंद साहू, टीकम जंघेल सहित बड़ी संख्या मे संगठन कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पानी के लिए मचा हाहाकार, तालाब पाटकर अवैध ईंट भट्टे का संचालन

- ग्रामीणों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के छुईखदान ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी मे अवैध ईंट भट्टे कारोबारियों और रेत तस्करों के द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करने के अलावा रेत खनन का कारोबार चलाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है।

कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टश्र अंकेश्वर प्रसाद साहू को सौंपे शिकायत आवेदन मे युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुलशन तिवारी, सरपंच प्रतिनिधि संतोष कोसरे, तामेश्वर जंघेल, सरपंच रोशन मांडले, उप सरपंच प्रतिनिधि राजा देशलहरा, अनिल विश्वकर्मा, उदय राम, कुंभकरण, संतानू दास सहित अन्य ने बताया कि पहनं 19 खसरा नंबर 356 में ग्रामीणों की निस्तारी के लिए सरकारी पैसो से डबरी तालाब निर्माण कराया गया है लेकिन उक्त जमीन को पाटकर अवैध कारोबारी द्वारा अवैध रूप से ईट भ_ा संचालित किया जा रहा है।

साथ ही पहनं 19 खैरी खसरा नंबर 124/2 में कोटवार के द्वारा ही शासकीय भूमि पर अवैध खनन करवाया जा रहा है।



### माफियाओं ने दी धमकी

उन्होने बताया कि इसके पहले भी उनके द्वारा खनन माफियाओं द्वारा शासन को राजस्व का नुकसान पहुंचाने संबंधी फोटो वीडियो बनाकर शिकायत किया गया हैं जिसकी जांच करने खनिज विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे जिनकी वापसी होते ही अवैध ईट भ_ा संचालक व रेत तस्करों द्वारा सरपंच प्रतिनिधि सहित शिकायत करने वाने ग्रामीणो को जान से मारने और सरपंची कार्यकाल 5 साल कैसे चलाओगे जैसे शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दिया गया जिससे ग्रामीण भारी आक्रोशित है। खैरी के ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय योजनाओं से प्राप्त राशि से बनाए गए तालाब पर कब्जा कर अवैध ईट भ_ा का संचालन करना अवैध रेत तस्करी अवैध मुरूम व मिट्टी खनन जैसे कार्यों को बंद नहीं कराने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## सम्मेलन 29 से

**मोहला।** छत्तीसगढ़ महार, महरा, माहरा समाज का प्रदेश स्तरीय महाअधिवेशन 29 एवं 30 मार्च को सुबह 10 बजे से ग्राम मरारटोला में आयोजित किया गया है।

# खनिज का अवैध परिवहन करते चार गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

क्षमता से ज्यादा वाहन मे बिल्डिंग मटेरियल भरने और रायल्टी चोरी सहित अवैध परिवहन को लेकर खनिज विभाग ने जिले के चार अलग अलग जगहो पर छापामार कारवाई करते हुए वाहनो का जप्त किया है।

खनिज अधिकारी बबलू पांडेय ने बताया कि कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर विभाग ने कारवाई करते हुए खैरागढ़ मे रेत से भरी हाइवा क्रमांक सीजी 08 बीबी 8938 मालिक घनश्याम वर्मा और हाइवा क्रमांक सीजी 03 एफ 5131 मालिक विजय दुबे की गाडिय़ो को रायल्टी पर्ची नही होने के कारण ज्पत कर थाने मे खड़ा किया है। वही तेंदूभाठा दनिया मोड़ पर चूना पत्थर भरकर ले जाते हाइवा क्रमांक सीजी 07 बीजे 3124 मालिक पूरन पांडेय और उदयपुर मे लाल ईंट से भरे जितेंद्र चक्रधारी के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 07 एफ 9552 को अवैध खनिज परिवहन का मामला बनाकर थाने मे खड़ा कर दिया है।

### भंडारण नहीं करने के निर्देश

खनिज अधिकारी बबलू पांडेय ने बताया कि जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रकरणों में प्रभावी रोकथाम को लेकर खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत प्रावधान किया गया है जिसमें खान और खनिज (विकास और विनियम) अधिनियम 1957 की धारा 4 (1) एवं धारा 4 (1 क) अनुसार इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार अन्यथा किसी खनिज का उत्खनन परिवहन या भंडारण नहीं करेगा या नहीं कराए जाने का सख्त निर्देश हैं।

# उदयाचल को एम्बुलेंस की सौगात



**राजनांदगांव।** समाजसेवी संस्था उदयाचल को भिलाई की फेरो स्केप निगम लिमिटेड द्वारा नेत्र चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा के लिए एम्बुलेंस प्रदान किया गया। एफएसएनएल संस्था ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में उदयाचल द्वारा किए जा रहे कार्य से प्रभावित होकर एम्बुलेंस की चाबी भिलाई में संस्था के सदस्यों को सौंपी। संस्था के अधिकारियों द्वारा एम्बुलेंस की चाबी सौंपते हुए संस्था के उत्तरोतर प्रगति की कामना करते भविष्य में निरंतर सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर एफएसएनएल के अधिकारीगण एवं संस्था के संरक्षक उत्तमचंद बैद, कोषाध्यक्ष अशोक मोदी एवं सदस्य त्रिलोचन बग्गा, नितिश अग्रवाल, समृद्धि तिवारी उपस्थित थे। वर्तमान में उदयाचल में नेत्र चिकित्सा के अलावा फिजियोथैरेपी, दंत चिकित्सा एवं विभिन्न सेवा गतिविधियां लगातार गतिमान है।

# नगर के मंदिरों को पॉलिथीन व तंबाकू मुक्त परिसर बनाने का पुजारियों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संघ एवं मंदिरों के पुजारी के संयुक्त तत्वावधान में बैठक आयोजित कर नगर के मंदिरों को पॉलिथीन व तंबाकू मुक्त परिसर बनाने का संकल्प लिया गया।

दंतेश्वरी मंदिर में आयोजित बैठक में शामिल सभी सक्रिय सदस्यों ने मंदिरों के आसपास दुकान लगाने वालों को पर्यावरण व स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए पॉलिथीन का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन का भी सहयोग लिया जावेगा। बैठक में दंतेश्वरी आध्यात्मिक साधना केंद्र के पंडित डॉक्टर मंगलानंद झा ने बताया कि 30 मार्च रविवार से हिंदू नव वर्ष प्रारंभ हो रहा है। नवीन संवत 2082 का नाम सिद्धार्थ नाम है। उन्होने सभी नगर वासियों से नवीन संवत्सर के स्वागत में अपने-अपने घरों पर देव ध्वज फहराने और शाम को घर के सामने चौक या रंगोली डालकर 9 मिट्टी के नए दीपक जलाने की अपील की है।



बैठक में दंतेश्वरी, महामाया, शीतला, बम्लेश्वरी, बांके बिहारी मंदिरों के पुजारियो व समिति सदस्यो से संपर्क कर पहले दिन से ही तंबाकू मुक्त परिसर बनाने में सहयोग करने का निवेदन किया गया। इस दौरान आरएसएस के पर्यावरण संरक्षण समिति के विभाग संयोजक मनोहर चंदेल, नगर प्रचार प्रमुख निक्कू श्रीवास, रक्षानंद झा, निखिल सिंह, रेखा झा सहित भक्तगण उपस्थित थे।

# नव वर्ष के आगमन को लेकर तैयारी, निकलेगी बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हिंदू नववर्ष के विक्रम संवत 2082 के आगमन को लेकर जिला मुख्यालय में व्यापक तैयारी की जा रही है। पूरे मुख्यालय क्षेत्र को भगवा व केसरिया ध्वज से सजाया जा रहा है। नववर्ष आगमन के पहले दिन 30 मार्च रविवार को शनि निवारण हनुमान मंदिर, किल्लापारा से विशाल बाइक रैली का निकलेगी जो नगर के लगभग सभी वार्डो में पहुंचकर आमजन मानस को नववर्ष के शुभ आगमन की बधाई देगी। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने आम लोगो से नव वर्ष के आगमन अवसर पर घरों में केसरिया व भगवा ध्वज लगाने, घर के द्वारा पर दीपक जलाने और रंगोली से सजाने की अपील की है। इस दौरान बाइक रैली के माध्यम से सनातनियों की टीम सभी मंदिरों में पहुंचकर श्रीफल अर्पित करेंगी वही सभी गौशालाओं में गौ वंश व गौ माता को भोग अर्पित किया जाएगा।

### रामनवमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

रामनवमी 6 अप्रैल को टिकरापारा के प्राचीन श्री राम मंदिर टिकरापारा से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख चौक चौराहों से होकर शीतला मंदिर में समाप्त होगी। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चंद्राकर, शहर अध्यक्ष शुभम सिंह ठाकुर, प्रखंड मंत्री सुभाष सिंह राजपूत, प्रखंड संयोजक शिशिर मिश्रा, जिला संयोजक संदीप राजपूत, शहर संयोजक आनंद तंबोली, प्रखंड उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, प्रखंड सह संयोजक उत्तम दशरिया, शिवम ताम्रकार सहित अन्य ने नगर के समस्त धार्मिक, आध्यात्मिक व सनातनी संगठनों के युवाओं और मातृ शक्तियों से नव वर्ष के अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रमो में शामिल होने की अपील की है।

# युगांतर में दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक के शिक्षकों के लिए सीबीएसई का दो दिवसीय कम्पेटेन्सी बेस्ड असेसमेंट (सेकंडरी लेवल) ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित हुआ। इस प्रोग्राम में रिसोर्स पर्सन के रूप में एमजीएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्य एन्सी वर्गीस तथा अभ्युदय पब्लिक स्कूल कवर्धा के उप प्राचार्य फजलुर रहमान खान को आमंत्रित किया गया था।

दोनों रिसोर्स पर्सन ने सीबीएसई के दो दिवसीय प्रोग्राम को संचालित करते बारी-बारी से शिक्षकों को वस्तुनिष्ठ, विचारात्मक तथा तर्क शक्ति बढ़ाने वाले प्रश्नों का निर्माण कैसे किया जाए, इसे विस्तार से बताया। ट्रेनिंग प्रोग्राम को रोचकता प्रदान करने बीच-बीच में आकर्षक गतिविधियां कराई गई।




### समय-समय पर रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी. चौधरी ने कहा कि युगांतर द्वारा समय-समय पर इस तरह के रचनात्मक प्रोग्राम आयोजित किए जाते रहेंगे। जिससे शिक्षकगण लाभान्वित हो सके और विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिल सके। इस प्रोग्राम में भाग लेने चक्रधरपुर रेलवे पब्लिक स्कूल से शिक्षकों की एक टीम भी आई थी। उन्होंने मुक्तकंठ से इस आयोजन, भोजन और निवास की सराहना की है। रिसोर्स पर्सन एंसी वर्गीस ने भी युगांतर को अपना परिवार मानते यहां की सुविधाओं की सराहना की है। इसी तरह के विचार रिसोर्स पर्सन फजलुर रहमान खान ने भी रखे। आयोजन की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# घासी घसिया समाज के प्रदेश महामंत्री बने गोलू

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी घसिया समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों का राजधानी रायपुर में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारी और सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। समारोह में समाज के पदाधिकारियों ने राजनांदगांव शहर के गोलू नायक को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है, जिस पर जिले के पदाधिकारियों ने संजय को शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संजय नायक ने कहा कि समाज के पदाधिकारियों ने महामंत्री पद की जिम्मेदारी देकर सम्मान मेरा किया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर सुख-दुख में निष्ठावान ईमानदारी से तत्पर खड़ा उतरकर घासी घसिया समाज के हर कार्य के क्षेत्र में काम करूंगा। समारोह के दौरान बड़ी संख्या में समाज के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी व सामाजिक लोग उपस्थित रहे।




## शासकीयकरण की मांग को लेकर धरना

# हड़ताली सचिव मिले जिपं उपाध्यक्ष से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासकीय करण की एकमात्र मांग को लेकर बीते 17 मार्च से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पंचायत सचिवों ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मुलाकात कर संघ की मांग से अवगत कराया।

जिलाध्यक्ष लोकेश जंघेल, उपाध्यक्ष लाला जंघेल, खैरागढ़ अध्यक्ष जागेश्वर धनकर, छुईखदान अध्यक्ष निलेश सिंह, भागवत साहू, गैंदकुमार जघेल, अजय जघेल, प्रेमचंद सेन, रामजी जघेल सहित अन्य सचिवो ने जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह को बताया कि विधान सभा चुनाव के दौरान बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने का वादा किया था लेकिन सरकार बनने के 480 दिन बाद भी वादा पूरा नही हुआ है।

शासीकय करण की मांग को लेकर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सचिवों को उनकी बात सीएम, पंचायत मंत्री तक पहुंचने और पूरा कराने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने सचिव को काम पर वापस लौटने की अपील करते हुए कहा कि वो पंचायत की रीढ़ है उनके हड़ताल पर होने से विकास सहित जनोपयोगी काम ठप हो गया है।



### नहीं बनी बात, जारी रहेगी हड़ताल

चुनाव के दौरा किए वादे को पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए पंचायत सचिवों का कहना है कि पूर्ण बहुमत से सरकार बने लगभग 500 दिन होने को है लेकिन प्रदेश सरकार उनकी मांगों को लेकर गंभीर नहीं है जिसके चलते प्रांतीय आव्हान पर सभी काम बंद कलम बंद कर हड़ताल पर है। संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश जंघेल ने बताया कि अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर प्रदेश पंचायत पदाधिकारियों सहित जिला अध्यक्षो की पंचायत मंत्री से चर्चा हुई है उनका कहना है सचिवो की मांग मोदी की गारंटी मे शामिल है। पांच सदस्यो की समिति से रिपोर्ट मिलते ही उनके हित मे निर्णय होगा लेकिन संघ ने मंत्री की बात को सिरे से नकारते हुए कहा कि पूर्व में समिति द्वारा एक महीने में रिपोर्ट देने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक समिति की रिपोर्ट का अता पता नहीं है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र पैकरा ने शासकीयकरण को लेकर समय सीमा तय करने और समिति में सचिवों को शामिल करने की मांग पर सहमति नहीं बनने पर हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

# कत्थक नृत्य पर प्रेरणादायक व्याख्यान

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा की पहल से स्पिक मैके संस्थान द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली से अंतर्राष्ट्रीय कत्थक कलाकार विश्वदीप शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कत्थक कलाकार विश्वदीप शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने कत्थक नृत्य की विभिन्न विशेषताओं को प्रस्तुत किया। जिनमें लयबद्ध पद संचालन, चक्कर, भाव-भंगिमा, मुद्राएं, तातार (पैरों की थाप), अभिव्यक्ति (नृत्य के माध्यम से कथा कहने की कला) और ताल प्रणाली की जटिलता शामिल थी। उन्होंने हाव-भाव और अभिनय के माध्यम से संप्रेषण की महत्ता को दर्शाया और बताया कि क्लासिकल नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्म-अनुशासन और संतुलित जीवन जीने का माध्यम भी है।

डॉ. गौरव जैन ने जीवन में आगे कैसे बढ़ें विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहानी विवरण के माध्यम से बताया कि जीवन में आगे बढ़ने सही मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दुख और कठिनाइयां हमें जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने प्रेरित करती है।




### शांति का सशक्त माध्यम

इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि हमें भारतीय शास्त्रीय कला को करीब से समझने का अवसर मिला। क्लासिकल नृत्य केवल एक कला रूप नहीं, बल्कि ध्यान, आत्म-संयम और मानसिक शांति का एक सशक्त माध्यम भी है। यह विद्यार्थियों को अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होगा। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए स्पिक मैके संस्थान, अतिथि कलाकारों और महाविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय ने भविष्य में भी इस प्रकार के सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्य पंकज कुरंजेकर, राजेश यादव, मंजू मिश्रा, समाजसेवी उत्तमचंद मुनोत, दिल्ली से आई कत्थक टीम के प्रदीप, तुषार सिन्हा एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़**
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्रं. बी-121 वर्ष 201 -201

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिब्बी आ. तेजेश्वर निवासी ग्राम करमतरा प.ह.न. 55 तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा स्वयं शिब्बी पिता तेजेश्वर जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है।

उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 09.10.2001 को स्थान करमतरा पर होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, वे सुनवाई तिथि 03.04.2025 तक लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 19.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 19.03.2025
सुनवाई दिनांक 03.04.2025

मुहर

कार्यपालिकदण्डाधिकारी
खैरागढ़ (छ.ग.)

## सार समाचार

### आज सिंधी समाज का भव्य महिला बाइक रैली

**राजनांदगांव।** झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज द्वारा एक भव्य महिला बाइक रैली का आयोजन कल 29 मार्च को शाम 4 बजे किया जा रहा है। यह रैली महिलाओं की शक्ति और स्वतंत्रता का प्रतीक है और इसे समाज में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस रैली का उद्देश्य महिलाओं को प्रेरित करना और उन्हें सशक्त बनाना है। रैली में भाग लेने वाली सभी महिलाएं अपनी बाइक पर सवार होकर एकजुटता का प्रदर्शन करेंगी। यह आयोजन न केवल महिलाओं के लिए एक उत्सव होगा, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक प्रयास है। समाज द्वारा रैली का ड्रेस कोड व्हाइट सूट और केसरिया चुनरी निर्धारित किया गया है। यह रैली झूलेलाल लालबाग से शुरू होकर नगर भ्रमण कर झूलेलाल मंदिर चौखड़ियापारा में समाप्त होगी। इसकी तैयारी जोर-शोर से सिंधी पंचायत युवा विंग के अध्यक्ष कौशल शर्मा एवं उपाध्यक्ष कमल गंगवानी, सचिव जितेन्द्र गनसानी के नेतृत्व में की जा रही है। उक्त जानकारी सिंधी पंचायत युवा विंग के सदस्य सीए सुशील सुखीजा द्वारा दी गई।

### अध्यक्ष शशि व सचिव बनी माधुरी

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छग रहटादाह पं.क्र.1282 उप



समिति राजनांदगांव त्रिवार्षिकी चुनाव में महिला अध्यक्ष शशि चौहान एवं महिला सचिव माधुरी ठाकुर बनी। महासभा मीडिया सेल प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने उक्त जानकारी देते बताया कि महिला अध्यक्ष शशि चौहान को प्राप्त मत 295 व इंदिरा देवी माला ठाकुर को 173 सहित महिला सचिव माधुरी ठाकुर को 248 एवं ममता क्षत्रिय को 179 मत प्राप्त हुए। महिला अध्यक्ष शशि चौहान एवं सचिव माधुरी ठाकुर की जीत से महिलाओं में काफी उत्साह है। इस पर छाया देवेन्द्र सिंह ठाकुर, अर्पणा क्षत्रिय, गौतम, नंदनी ठाकुर, द्रोपति ठाकुर, शकुनतला ठाकुर, दुर्गा चौहान, सुशील चंदेल, संजू चंदेल, कीर्ति विनोद, कविता गौतम, रीना राजपूत, सत्या ठाकुर, पुष्पा ठाकुर, माया विनोद, छाया ठाकुर, अमिता ठाकुर, मनीषा विनोद, रेखा राजपूत, सरिता ठाकुर, विजय लक्ष्मी चंदेल, कंचन चौहन, रानी ठाकुर, स्वाती ठाकुर, सरोज, मधु पवार आदि महिला मंडल ने शुभकामनाएं दी।

### आज निकलेगी सनातन एकता यात्रा

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा हिन्दू नववर्ष के अवसर पर हम सबके नए वर्ष चैत्र नवरात्र विक्रम संवत 2082 की पूर्व संध्या पर कल 29 मार्च को दोपहर 3 बजे बालाजी मंदिर गंज लाइन से भव्य हिन्दू सनातन एकता यात्रा निकाली जाएगी। छग सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि इस सनातन एकता यात्रा में मुख्य रूप से भगवान राम, हनुमान की भव्य झांकी के साथ बालवीर हनुमान, नवदेवी दुर्गा, रामधुनी व मधुर भजन मंडली, डीजे व बैंड पार्टी के साथ यह यात्रा बालाजी मंदिर गंज लाइन से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक, बाल गोविंद चौक, बसंतपुर थाना, सदर बाजार होते हुए बालाजी मंदिर में समाप्त होगी। तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर प्रसादी की जाएगी। छग प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने हिन्दू सनातन एकता का मुख्य उद्देश्य सभी सनातनी हिन्दू भाईयों को एकजुट करना है। सभी धार्मिक मंदिरों व सभी सनातन प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर हम सबके सनातन धर्म को मजबूत व आगे बढ़ाने व सनातन एकता की परिचय देते सनातन एकता यात्रा की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### सोशल मीडिया में भ्रामक मैसेज पोस्ट करने वाले के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** सोशल मीडिया में ''चैत्र नवरात्रि 2025 बम्लेश्वरी माता मंदिर और पताल भैरवी मंदिर में ज्योति कलश पे लगी रोक'' लिखकर भ्रामक मैसेज पोस्ट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम आईडी 'हमर भिलाई छत्तीसगढ़' में एक भ्रामक मैसेज पोस्ट किया था कि चैत्र नवरात्रि 2025 बम्लेश्वरी माता मंदिर और पताल भैरवी मंदिर में ज्योति कलश पे लगी रोक के मामले में कार्रवाई करने हेतु श्री बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा थाना डोंगरगढ़ को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते भ्रामक मैसेज पोस्ट करने वाले अनावेदक सोनू साहू 25 साल निवासी लोधीपारा खुर्सीपार थाना खुर्सीपार भिलाई का पता तलाश कर अनावेदक के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

### महाराणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी, किया पुतला दहन

**राजनांदगांव।** महाराणा सांगा पर समाजवादी पार्टी से राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले को लेकर



राजपूत समाज ने सड़क पर उतरकर आक्रोश व्यक्त करते प्रदर्शन किया और राज्यसभा सांसद रामजी लाल का पुतला फूंका। राजपूत समाज द्वारा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की टिप्पणी का कड़ा विरोध करते शहर के अंबेडकर चौक में उनका पुतला जलाया और नारेबाजी की। राज्यसभा सांसद पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे राजपूत समाज की प्रदेश अध्यक्ष सुषमा सिंह, करणी सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह, राजपूत समाज 1282 की अध्यक्ष शशि चौहान ने कहा कि हमारे आराध्य वीर योद्धा महाराणा सांगा के प्रति अत्यंत अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। जिससे हमारी भावनाएं आहत हुई है। रामजी लाल सुमन के इस अमर्यादित वक्तव्य का कड़ा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो महाराणा सांगा इस देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे, उन पर ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कार्रवाई की मांग-** इस मामले में राजपूत समाज द्वारा राज्यसभा सांसद पर कार्रवाई करते उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई है। वहीं कार्रवाई नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी दी है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा

# मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक में बजट पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में आय-व्यय अनुमान पत्रक 2025-2026 पर विचार-विमर्श उपरांत स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को प्रेषित किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 के आय-व्यय को पुनरीक्षण की अनुशंसा सहित सामान्य सभा को भेजा गया। साथ ही नगर निगम के विभिन्न विभागों के लिए निविदा आमंत्रण सहित अन्य विषयों पर स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के पूर्व में महापौर श्री यादव सहित निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा तथा महापौर परिषद के सभी प्रभारी सदस्यों का नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खांडे के अलावा विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

महापौर यादव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट के संबंध में विस्तार से चर्चा करते अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु समान्य सभा को प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि बजट में शासन द्वारा राजनांदगांव के विकास के लिए दी गई स्वीकृति व बजट प्रावधान को रखा जाएगा। इसके अलावा जनहित एवं जनभावनाओं के अनुरूप बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले माह अप्रैल में नवरात्रि के पश्चात सामान्य सभा में बजट प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, केवरा विजय राय, आलोक श्रोती, वर्षा शरद सिन्हा, बिना ध्रुव, डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखीजा एवं राजेश जैन रानू, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित निगम के अधिकारी उपस्थित थे।



### कई विषयों पर दी स्वीकृति

महापौर यादव ने बताया कि बजट के अलावा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किए जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। इसके अलावा मवेशी बाजार नीलामी की उच्चतम बोली की स्वीकृति तथा वार्षिक निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही शासन के निर्देशानुसार नवागांव ट्रेंचिंग ग्राउंड में शेष लिगेसी वेस्ट पार्ट-2 के निपटान के लिए निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई।

### दायित्वों का निष्ठापूर्ण निर्वहन करें

बैठक में महापौर यादव ने अधिकारियों से कहा कि सभी अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। चूंकि नगर निगम जनता से जुडी संस्था है, अतः जनता की समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पार्षदों से सामंजस्य बनाकर कार्य करेंगे। अधिकारी-कर्मचारी संबंधित वार्ड के पार्षद से मिलकर जानकारी देकर कार्य संपादित करेंगे। उन्होंने अधिकारी -कर्मचारी के पदोन्नति, क्रमोन्नति तथा अनुकंपा नियुक्त के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने आयुक्त विश्वकर्मा को निर्देशित किया।

## नई शराब दुकान खोलने का विरोध

# प्रदेश को नशामुक्त बनाने की मांग



**राजनांदगांव।** प्रदेशभर में नई शराब दुकान खोलने की नीति का विरोध करते भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेनता पार्टी द्वारा कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। बड़ी संख्या में पहुंचे संगठन के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश में शराब की नई 67 दुकानें खोलने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि भगवती मानव कल्याण संगठन के संस्थापक व संचालक परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के मार्गदर्शन में जिला शाखा के कार्यकर्ताओं द्वारा छत्तीसगढ़ में लगातार नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं प्रदेश की सरकर नई अबकारी नीति के तहत छत्तीसगढ़ में और 67 नई शराब दुकानें खोलने का आदेश दिया है। नशे के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है और बड़े-बड़े अपराध, दुष्कर्म व छेड़खानी जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही है।

### शासन से आग्रह

ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ में नई 67 शराब दुकान को खुलने की अनुमति नहीं जाने और जिले में अवैध शराब के बिक्री करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं जिले में खुल रही 18 शराब दुकानों का भी विरोध किया है।

### नशामुक्त बनाने की मांग

नई शराब दुकान खोले जाने के प्रस्ताव का विरोध करते कलेक्ट कार्यालय पहुंचे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा पुरानी शराब दुकानों को भी बंद करके प्रदेश को पूर्णतः नशामुक्त प्रदेश घोषित की मांग की गई है।

# शिव गंगा महाआरती से जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के तट पर आयोजित होने वाली शिवगंगा महाआरती का आयोजन बीते गुरुवार की संध्या प्रदोष तिथि पर किया गया। शिवगंगा महाआरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और मां गंगा की आरती करते अपने परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं नदियों में जल बरकरार रहने के लिए प्रार्थना करते नदियों के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया।

शिवगंगा महाआरती समिति द्वारा आयोजित इस महाआरती में शामिल होकर श्रद्धालुओं ने पहले भगवान भोलेनाथ की महाआरती की और इसके बाद मां गंगा की आरती करते वर्तमान समय में जल संकट की स्थिति को देखते हुए विशेष प्रार्थना की। शिव गांगा आरती में शामिल होने पहुंची मीराबाई प्रजापति ने कहा कि इस शिव गंगा आरती में शामिल होने से सुखद अनुभूति मिलती है। वहीं उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जल संरक्षण करने का संदेश मिलता है।



### जल बचाने की अपील

शिव गंगा महा आरती के आयोजन में मोहरा, सिंगदई सहित आसपास के ग्रामीण वार्डों से लोग शामिल हुए और पूजा-अर्चना करते हुए सभी से जल संरक्षण करने की अपील की।

### विलुप्त हो रही नदियां

शिव गंगा महा आरती के संस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा ने कहा कि शिव गंगा महाआरती लगभग 7 वर्ष पहले प्रारंभ की गई थी। इसका उद्देश्य लोगों में विलुप्त होती नदियों के प्रति संरक्षण और संवर्धन की भावना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि आज नदियों के संरक्षण-संवर्धन के अभाव में नदियां विलुप्त होती जा रही है।

### प्रदोष पर धार्मिक महत्व

शिव गंगा महा आरती संपन्न करने वाले पं. अनिल तिवारी ने कहा कि शिव गंगा महाआरती के आयोजन से लोगों में आध्यात्मिक जुड़ा होता है। वहीं इस महाआरती के माध्यम से दिए जाने वाला जल संरक्षण का संदेश भी लोगों तक आसानी से पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्रदोष तिथि पर भगवान शिव की आरती करने से परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

# मोहारा वार्ड में निःशुल्क दंत शिविर, मरीजों ने कराई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम के वार्ड नंबर 47 मोहारा में भाजपा पार्षद व शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक श्रोती के विशेष प्रयासों से दंत शिविर का सफल आयोजन हुआ। छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज सुंदरा के बैनर तले आयोजित हेल्थ कैंप में डॉ. प्रकृति जोशी, डॉ. वैष्णवी, डॉ. चैताली, डॉ. सागरिका, डॉ. श्रुति, डॉ. सुष्मिता, डॉ. रूचिका, डॉ. रूपक, डॉ. नौमान, डॉ. नितेश आदि ने सेवाएं दी।

शिविर में वार्ड पार्षद आलोक श्रोती सहित वार्ड के जागरूक निवासी परशुराम प्रजापति, देवकी देवांगन, मोहन तिवारी, लक्ष्मण प्रजापति, रामकुमार देवांगन, मीना सोनकर सहित, पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन, लक्की देवांगन, पिंटू देवांगन, सोहन प्रजापति के विशेष प्रयासों से 91 मरीज का दंत परीक्षण किया गया। गंभीर मरीज एक भी नहीं मिले,



लेकिन 91 में से 80 के दांत सड़े पाए गए हैं। कुल मरीज में 50 बच्चे थे। बाकी युवा और बुजुर्ग हैं, इनमें बच्चों के दांत चाकलेट आदि खाते रहने से सड़ने और बड़ों के दांत जर्दा पाउच आदि खाते रहने से सड़ने की बात सामने आई है। सभी दांत के मरीजों को रात्रि में सोने के पहले ब्रश करने की सलाह दी गई। वहीं सड़े दांत निकलवाने के इच्छुक मरीजों को डेंटल कॉलेज आने कहा गया है, जहां शुल्क में छूट देकर उपचार किया जाएगा।

# प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र का पर्व गणगौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजस्थान के सबसे बड़े पर्व गणगौर की पूजा अब सारे देश में श्रद्धा-भक्ति के साथ की जा रही है। गण मतलब शंकर और गौर मतलब पार्वती के स्वरूप की पूजा होलिका दहन के दूसरे रोज से कन्याओं, नवविवाहितों एवं महिलाओं द्वारा 16 दिनों तक विभिन्न रीति-रिवाजों के तहत मनाया जा रहा है। इस पर्व का अंतिम दिन 31 मार्च सोमवार को चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में संस्कृति शर्मा ने बताया कि गणगौर पर्व प्रेम और पारिवारिक सौहार्द्र के साथ श्रद्धाभक्ति व आस्था के साथ मनाया जाता है। इस पर्व में भगवान शंकर व पार्वती के स्वरूप की गणगौर के रूप में पूजा-अर्चना 16 दिनों तक की जाती है।



### 16 श्रृंगार से होती है पूजा

होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होने वाले गणगौर पर्व की पूजा होलिका में चढ़ाए जाने वाले गाय के गोबर के कंडे से बने बरकुला को होली जलने के पश्चात एकत्रित कर 16 बरकुला चढ़ाकर पूजा प्रारंभ की जाती है। 16 दिनों तक होने वाली इस पूजा में 16 गीत, 16 सुहाग का श्रृंगार व हल्दी, काजल, कुमकुम व मेहंदी से 16 दिनों तक बिंदी लगाकर पूजा की जाती है।

### मां पार्वती ने की थी भोलेनाथ की पूजा

विभिन्न कथाकारों के अनुसार गणगौर के महत्व को इस रूप में समझाया गया है कि मां पार्वती ने भोलेनाथ को पाने के लिए गहन तप किया था। जिससे प्रसन्न होकर भोलेनाथ प्रकट हुए और माता पार्वती से वर मांगने कहा तो उन्होंने भगवान भोलेनाथ को अपने वर के रूप में मांगा।

### आस्था का पर्व

हिन्दू रीति-रिवाजों में त्यौहारों का विशेष महत्व होता है। इसी के तहत राजस्थान सहित गणगौर को मानने वाले देश के विभिन्न हिस्सों में लोग पति की लंबी उम्र की कामना व परिवार के सुख-समृद्धि व शांति के लिए यह पर्व आस्था व श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाते हैं। इस बार गणगौर पर्व 31 मार्च सोमवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर विशेष पूजा-अर्चना के साथ शहर के विभिन्न स्थानों, मंदिरों, समाजों व घरों में विराजमान गणगौर की शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण कराकर मां शीतला मंदिर माता देवाला के बूढ़ासागर में विसर्जित करेंगी।

हाइटेक सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल (प्रा.) लि.
जुनवानी स्मृति नगर रोड, भिलाई
0788-4056666, 73891 92333
HI TEK
यूरोलॉजिस्ट
डॉ नवीन वैष्णव
MBBS, MS, MCh (Urology)
• यूरोलॉजी प्रोस्टेट कैंसर • मूत्राशय कैंसर
• मूत्राशय का आगे बढ़ना
• हेमेट्यूरिया (मूत्र में रक्त)
• स्तंभन दोष (ईडी) • मूत्राशय शोथ
• प्रोस्टेटाइटिस (प्रोस्टेट ग्रंथि की सूजन)
• किडनी में पथरी • संक्रमण • यौन रोग
• पेल्विक फ्लोर की समस्या
• मूत्र पथ के संक्रमण (यूटीआई)
डायलिसिस एक्सपर्ट
डॉ सुमन राव
MBBS, MD, DNB (Dialysis Expert)
• किडनी एवं डायलिसिस
• डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप के मरीजों में किडनी की सुरक्षा
• एक्यूट रीनल फेलियर
• डायलिसिस
अत्याधुनिक मशीनों पर 24 घंटे/4 शिफ्ट में डायलिसिस की सुविधा

## पृष्ठ 11 का शेष

### गैर धर्म में युवक से ...

इस मामले में लड़की के परिजनों ने पुलिस में भी शिकायत की थी, लेकिन दोनों के बालिग होने के चलते इस पर कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में युवती के परिजनों ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को इसकी सूचना दी और आज विरोध करने के लिए सभी कलेक्टोरेट पहुंचे। लगभग तीन घंटे तक हंगामा जारी रहा।

**पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी**

इधर हिंदू संगठनों द्वारा इस विभाग का विरोध करते हुए हंगामा किए जाने को लेकर शहर के सभी थानों के निरीक्षक और अतिरिक्त पुलिस बल कलेक्टोरेट कार्यालय में तैनात कर दिया गया था। इस दौरान भी संगठन के कार्यकर्ता कलेक्टोरेट कार्यालय के भीतर आक्रोश व्यक्त करते घुसे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**बंट चुका था निमंत्रण-** युवती के पिता ने बताया कि उनकी लड़की की शादी लग चुकी थी और 18 तारीख से शादी समारोह शुरू होना था। इसके लिए जान-पहचान और परिजनों में शादी का निमंत्रण कार्ड भी बंट गया था। उन्होंने कहा कि लड़की का ब्रेनवाश कर युवक उसे अपने साथ ले गया है और युवती घर से सोने के जेवरात भी ले गई है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लड़की वापस चाहते हैं।

**शपथ पत्र में हस्ताक्षर नहीं-** अधिवक्ता जितेंद्र यादव ने कहा कि सोमनी थाना में लड़की के माता-पिता की एफआईआर नहीं लिखी गई। पुलिस ने लड़की और लड़के से पूछताछ कर उन्हें छोड़ दिया। लड़की के माता-पिता का कथन नहीं लिया। वहीं जो आवेदन जिला विवाह अधिकारी के समक्ष विवाह हेतु प्रस्तुत किया गया, उस आर्डर शीट में कहीं भी लड़की की उपस्थिति दर्ज नहीं है। एफिडेविट में लड़की के हस्ताक्षर नहीं है। लड़के का हस्ताक्षर भी फर्जी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया। आर्डर शीट में लड़की के हस्ताक्षर नहीं होने के बाद भी बाबू ने विवाह अधिकारी को धोखे में रखकर पंजीयन कर दिया।

# सिविल जज परीक्षा में ओबीसी अभ्यर्थी को एसटी वर्ग में दिया आरक्षण

■ चयन सूची में गड़बड़ी

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की चयन सूची में एक बार फिर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। वर्ष 2023 पीएससी के सिविल जज की परीक्षा में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को अनुसूचित जनजाति आरक्षण का लाभ देते हुए चयन कर दिया गया है।

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी अदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग को ज्ञापन के माध्यम से वर्ष 2023-24 में सिविल जज चयन सूची में फर्जी जाति प्रमाण पत्र की शिकायत करते चयन पर रोक लगाने की मांग की गई है।

अदिवासी हल्बा-हल्बी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा कहा गया कि वर्ष 2023-24 में अनु प्रसाद पिता रमाशंकर प्रसाद का चयन सिविल जज में हुआ है। जिनकी जाति केवट है, जो छत्तीसगढ़ राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की श्रेणी के अंतर्गत आते हैं, किंतु अनु प्रसाद पिता रमाशंकर प्रसाद की जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र बना है और इनका चयन अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग में हुआ है, जिस पर संदेह है।

### जांच कर कार्रवाई की मांग

आदिवासी हल्बा-हल्बी कर्मचारी प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष सेवानिवृत आईपीएस आरएस नायक ने इस प्रकरण में प्रमाण पत्र सत्यापन एवं चयन प्रक्रिया में रोक लगाते उचित जांच कर चयन प्रक्रिया से बाहर किया जाने और इस मामले में दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025



### आगजनी की घटना पर नजर रखने फायर वाचर तैनात, ब्लोअर मशीनें भी बांटी

## फायर सीजन के पहले ही महीने में दो सौ बार जले अविभाजित जिले के जंगल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फरवरी-मार्च का महीना आते ही जंगल में आगजनी की घटनाएं शुरू हो जाती है। यही कारण है कि इसे फायर सीजन भी कहा जाता है। अविभाजित जिले में इस बार फायर सीजन के पहले ही महीने के अंतराल में सवा दो सौ से अधिक आगजनी की घटनाएं दर्ज की जा चुकी है। इनमें सबसे अधिक जंगल में आग लगने की घटना मोहला-मानपुर-चौकी जिले में हुई है। वहीं राजनांदगांव जिले के जंगल में भी 30 से अधिक आग लगने के मामले आ चुके हैं।

इधर फारेस्ट महकमा आगजनी की घटनाओं को रोकने एवं उसकी सटीक जानकारी रखने के लिए अमले को तैनात कर रखा है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों जिलों में वन विभाग के दो सौ से अधिक कर्मचारी पूरे फायर सीजन के दौरान आगजनी के मामलों पर अपनी नजर बनाए रखेंगे। इधर विभागीय अफसरों के मुताबिक पतझड़ के मौसम में इस बार हर बार की तुलना में ज्यादा तापमान है। इससे पहले फरवरी में बारिश भी नहीं हुई। सूखी हुई जमीन और गर्मी की वजह से जंगल में आग लगने की आशंका बढ़ जाती है।



### जीपीएस से मिल रही जानकारी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिन स्थान पर पिछले साल आगजनी की धटनाएं हुई थी। उन इलाकों पर अधिक फोकस रखा जा रहा है। वहीं जिले में आगजनी की जानकारी जीपीएस सिस्टम से मिल रही है। ज्ञात हो इन दिनों तेंदूपतता की सफाई चल रही है। ऐसे में हर बीट में एक वन रक्षक तैनात कर भी आगजनी की घटना पर नजर रखने का काम किया जा रहा है।

### इन वजहों से लगती है आग

मिली जानकारी के अनुसार फायर सीजन के दौरान जंगल में आग लगने के लिए जरूरी ईंधन, गर्मी और ऑक्सीजन की उपलब्धता होनी चाहिए। सूखी घास, पेड़ और झाड़ियों की मात्रा ज्यादा होने पर आग तेजी से फैलती है। तापमान ज्यादा होने पर सूखे पेड़ों की शाखाओं के आपस में रगड़ने से भी आग लग जाती है।

### इस तरह के होते हैं खतरे

जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही है और इससे पशु-पक्षी, पेड़-पौधे और पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है। जंगल की आग को रोकने के लिए वन विभाग को सतर्क रहना होगा। जंगल की आग से पेड़-पौधे नष्ट हो जाते हैं। जानवरों के आवास नष्ट हो जाते हैं। जंगल की आग से जल की गुणवत्ता भी खतरे में पड़ जाती है। इससे निकलने वाला धुआं वायु की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

### फायर वाचर किए तैनात

वन विभाग ने आग लगने की घटनाओं पर नजर बनाए रखने के लिए वन क्षेत्रों में फायर वाचर की तैनाती की है। फरवरी से जून महीने के बीच आगजनी की घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए तैनात किए गए फायर वॉचर को ब्लोअर मशीनें भी दी गई है। विभाग ने उन इलाकों में अधिक फायर वाचर एवं ब्लोअर मशीनें उपलब्ध कराई है, जहां पर पिछले कुछ सालों में अधिक आगजनी हुई है।

## गैर धर्म में युवक से विवाह के विरोध में हिन्दू संगठनों ने घेरा कलेक्टोरेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुस्लिम धर्म के युवक के साथ हिन्दू समाज की युवती द्वारा कोर्ट में प्रेम विवाह किए जाने के मामले में आज जमकर हंगामा हुआ। राजनांदगांव और दुर्ग जिले से पहुंचे विभिन्न हिन्दू संगठन के लोगों ने कलेक्टोरेट कार्यालय में जिला विवाह अधिकारी न्यायालय का घेराव कर दिया। जिले के ग्राम जोरातरई निवासी यादव परिवार की युवती को अंजोरा क्षेत्र निवासी एक मुस्लिम युवक द्वारा बरगलाकर अपने साथ ले जाने का युवती के परिजनों और हिंदू संगठन के लोगों ने आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र के मुस्लिम युवक ने यादव समाज की युवती से कानूनी विवाह करने के लिए अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी के न्यायालय में आवेदन किया था। जिनके कानूनी विवाह के लिए सुनवाई 28 मार्च को होना था।

### दोनों की तलाश जारी

युवती के परिजनों द्वारा रिपोर्ट नहीं लिखने की शिकायत की गई है। युवती को ढूंढकर उपस्थित करेंगे। उन्होंने कलेक्टोरेट में विवाह के लिए आवेदन लगाया था। जिसकी सुनवाई की तिथि आज तय थी। दोनों बालिग है, इसलिए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**- पुष्पेंद्र नायक,** सीएसपी

### आज होनी थी शादी

बताया जा रहा है कि दोनों युवक-युवती का विवाह आज होना था, लेकिन उन दोनों के कलेक्टोरेट पहुंचने से पहले ही परिजन और संगठन के लोग कलेक्टोरेट पहुंच गए थे। वहीं इस विवाह को लेकर उन्होंने अपनी आपत्ति भी दर्ज कर दी।

## तापमान पहुंचा 43 डिग्री, सबसे गर्म शहर रहा राजनांदगांव

- हीट वेव से बीमार पड़ रहे बच्चे एवं बुजुर्ग

**राजनांदगांव**। अंचल का अधिकतम तापमान लगातार चढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को इस गर्मी सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। तापमान चढ़कर 43 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचा है। इतना ही नहीं राजनांदगांव शहर शुक्रवार को प्रदेश में सबसे गर्म शहर भी रहा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में और वृद्धि देखने को मिल सकती है। दिन के साथ ही रात के तापमान में भी इजाफा हो रहा है। अंचल का न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 21.5 डिग्री पर जा पहुंचा है। जबकि राजनांदगांव के बाद सबसे अधिक पारा बिलासपुर शहर का रहा, जहां तापमान 41 डिग्री पर पहुंच गया है। बाकी सभी शहर में तापमान 40 या इससे कम पर ही बना हुआ है।



## कई महीनों से भुगतान नहीं निर्माण कार्यों पर लगा ब्रेक!

**राजनांदगांव**। पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत जिले में होने वाले कामों पर पिछले कार्य का भुगतान नहीं होने के चलते ब्रेक लग गया है। कई महीनों से भुगतान नहीं होने के चलते ठेकेदारों की मुसीबतें भी बढ़ती जा रही है।

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग द्वारा अपने चहेतों पर मेहरबानी दिखाई जा रही है। उनके बिल के भुगतान कर दिए जा रहे है। हालांकि इस मामले को लेकर शिकायत की भी तैयारी हो रही है। बताया गया कि शासन स्तर पर जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग की शिकायत होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत कराए जाते हैं। पिछले कुछ सालों में भी लगातार काम कराए गए, लेकिन काम करने वाले ठेकेदारों को अब तक महीनों से भुगतान नहीं हो पाया है। कई दफा ठेकेदारों ने विभाग में संपर्क कर भुगतान के लिए आग्रह भी किया, लेकिन अब तक पेमेंट नहीं हो पाया है। वहीं अपने करीबियों को भुगतान कर दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनों में जिन ठेकेदारों को भुगतान किया गया है, उसको लेकर जांच की मांग हो सकती है। बताया गया कि जिन ठेकेदारों को पेमेंट किया गया, उन्हें क्यों भुगतान किया गया, इसकी जांच हो सकती है। इस मामले की शिकायत ईएनसी से किए जाने की तैयारी कर ली गई है।



## केन्द्र सरकार ने भोरमदेव कारीडोर के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तहत 146 करोड़ की स्वीकृति

# दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव का समापन लोकसंस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम

■ बाबा भोरमदेव के दरबार में हर मनोकामना होती है पूरी : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में आयोजित भोरमदेव महोत्सव 2025 के अंतिम दिवस की संध्या, छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और भक्ति भावना के रंग में सराबोर रही। लोक-परंपरागत गीतों, जसगीत और छॉलीवुड की सुपरहिट फिल्मों के गानों ने माहौल को संगीतमय बना दिया। महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्जवलन के साथ विधिवत रूप से किया। यह महोत्सव छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक और पर्यटन स्थलों में विशेष स्थान रखने वाले बाबा भोरमदेव मंदिर की गरिमा को और अधिक बढ़ाने वाला आयोजन रहा, जो इस वर्ष अपनी 29वीं वर्षगांठ पर विशेष रूप से उल्लासमय रहा। महोत्सव समापन से पूर्व बाबा भोरमदेव मंदिर के शिव जी का विधिवत प्रातः काल महाअभिषेक, एक हजार नामों से सहस्त्रार्चन, रूद्राभिषेक, विशेष श्रृंगार आरती की गई। दूसरे पहर शायं काल में सहस्त्रधारा से महाभिषेक, श्रृंगार महाआरती-भस्म आरती, शिव सरोवर के सामने भगवान वरूण देव का पूजन, दीपदान, गंगा आरती की गई। जिस पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातत्व एवं जन आस्था के केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर की महिमा आदि अनन्त काल से सब पर कृपा बरस रही है। बाबा भोरमदेव मंदिर अध्यात्म केंद्र है, यहां जो भी श्रद्धालु, भक्त एवं पर्यटक सच्चे मन से मनोकामना करते है, उन सभी की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। हर वर्ष चैत्र कृष्ण के तेरस के दिन युगों-युगों से मेला, उत्सव होते आया है, अब यह उत्सव एक महोत्सव का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार भोरमदेव मंदिर और उसके आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। बाबा भोरमदेव के आशीर्वाद से यह क्षेत्र तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे इस क्षेत्र के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित और संवर्धित किया जाएगा। इस योजना के तहत प्रदान की गई यह दूसरी सबसे बड़ी राशि है, जो भोरमदेव के लिए प्राप्त हुई है।





### ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए जाएंगेः श्री शर्मा

इस योजना के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर, रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल व सरोधा जैसे ऐतिहासिक स्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए जाएंगे। मंदिर परिषर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष शेड बनाए जाएंगे, जिसमें पेयजल, स्वच्छता, विश्राम और बैठने की उत्तम व्यवस्था होगी। इसके अलावा मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, संरचनात्मक सुधार, परिक्रमा मार्ग का विकास और पैदल पथों का निर्माण किया जाएगा। मंदिर तालाब की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कर इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। भोरमदेव क्षेत्र को राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने की योजना के तहत हेलीपेड का निर्माण किया जाएगा। सरोधा में वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केवल भोरमदेव ही नहीं, बल्कि कवर्धा स्थित प्राचीन बुढ़ा-महादेव मंदिर परिसर को भी विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही पचराही क्षेत्र के विकास के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने चैत्र नवरात्रि एवं भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह योजना पूर्ण होने के बाद भोरमदेव क्षेत्र न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, बल्कि यह छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्यटन हब बनकर उभरेगा।

### भोरमदेव के नाम से कवर्धा क्षेत्र पूरे भारत में ख्याति प्राप्त हैः राजीव लोचन दास

राजीव लोचन महाराज ने कहा कि भोरमदेव महोत्सव का आयोजन परंपरा के अनुरूप भव्य रूप से किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से भोरमदेव के विकास हेतु 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि यह राशि भोरमदेव क्षेत्र के समग्र विकास के लिए स्वीकृत की गई है। भोरमदेव को छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है और यह राज्य का एक महत्वपूर्ण शक्ति केंद्र भी है। जब भोरमदेव को दिव्यता प्रदान की जाती है, तो केवल भोरमदेव ही नहीं, बल्कि इसके आसपास के प्रत्येक गांव की प्रसिद्धि भी बढ़ती है। भोरमदेव के नाम से पूरा कवर्धा क्षेत्र पूरे भारत में ख्याति प्राप्त करता है। गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष बिशेषर पटेल ने कहा कि हम सभी ने भारत भूमि में जन्म लिया है और वर्तमान में एक बड़े संकट से जूझ रहे हैं। शाश्वत सत्ता सभी के भीतर विद्यमान है, लेकिन हमारी अज्ञानता हमें एक-दूसरे से अलग कर रही है। हमें इस अज्ञानता को दूर करना होगा। भगवान शंकर के परिवार में सभी समाहित हैं, जो एकता और समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भोरमदेव का विकास 146 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र और अधिक समृद्ध और आकर्षक बनेगा।

## भोरमदेव महोत्सव में पद्मश्री अनुज शर्मा सहित अन्य कलाकारों ने दी प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला, संस्कृति, पर्यटन और विरासत को सहेजने वाले भोरमदेव महोत्सव का भव्य समापन समारोह भक्तिमय और बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। इस आयोजन ने प्रदेशवासियों और पर्यटकों को छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की अनमोल झलक दिखाने के साथ-साथ उन्हें एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक यात्रा पर ले गया। समापन समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण छत्तीसगढ़ी संगीत जगत के सुप्रसिद्ध गायक पद्मश्री अनुज शर्मा की मनमोहक प्रस्तुति रही। उन्होंने जब मंच से आरुग हे कलशा दाई...., ससुराल गेंदा फूल...., मोर छाहिया भुईयां...., झन भूलो मां बाप ला.... जैसे सुपरहिट गीत प्रस्तुति से पूरा माहौल संगीतमय हो उठा। उनकी मधुर आवाज ने दर्शकों को झूमने और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

सोनी टीवी के सुपर डांसर फेम अनिल टांडी ग्रुप द्वारा दी गई धमाकेदार डांस प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। उनकी शानदार कोरियोग्राफी और जबरदस्त स्टेज प्रेजेंस ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महोत्सव में स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी अपने नृत्य और गायन से समां बांध दिया। इन युवा कलाकारों की प्रस्तुतियों ने साबित किया कि आने वाली पीढ़ी भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ी हुई है। भोरमदेव महोत्सव का समापन समारोह लोककलाओं के अनोखे संगम का साक्षी बना। इस अवसर पर श्रीमती बसंता बाई एवं साथी ने छत्तीसगढ़ी बैगा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। श्रीमती संगीता कापसे और सुश्री राधिका शर्मा ने कत्थक नृत्य के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। दानी वर्मा ने लोक विधा परसा के फुल प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।नासीर निदंर ने अपने भजन गायन से भक्तिमय माहौल बना दिया। दुष्यंत हरमुख ने छत्तीसगढ़ लोक कला मंच रंग झरोखा की भव्य प्रस्तुति देकर समारोह को विशेष बना दिया। महोत्सव में लाईट और लेजर शो बना मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंतिम चरण में विशेष लाईट और लेजर शो का आयोजन किया गया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रोशनी और ध्वनि के इस अद्भुत मेल ने समापन समारोह को और भी शानदार बना दिया। भोरमदेव महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की कला, संस्कृति और पर्यटन को आगे बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम भी है। यह महोत्सव प्रदेश की समृद्ध परंपराओं को संरक्षित करने और उन्हें वैश्विक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए अस्मि कुलमित्र का चयन



**हरिभूमि कवर्धा।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय कवर्धा कक्षा छठवीं के लिए अस्मि कुलमित्र का चयन हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार देश-भर के प्रत्येक जिले में एक-एक जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित है, विद्यालय में प्रवेश हेतु जनवरी माह में चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें 13 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, उनमें से 80 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। अस्मि श्रीमती कल्पना कुलमित्र एवं पीजी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र की सुपुत्री है। अस्मि कुलमित्र को गुनाराम चंदेल शिक्षक के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी की थी। प्रतिभाशाली अस्मि की उपलब्धि पर उसके दादा-दादी, नाना-नानी व स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं व परिजनों ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।

### आम सूचना

" कवर्धा प.ह.नं. 03 रा.नि.म. कवर्धा तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. संयुक्त 383/2,383/4 रकबा क्रमशः 0.36 एकड़ एवं 0.72 एकड़ के संबंध में "

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है किः- मेरे पक्षकार श्री देव कुमार साहू निवासी रामनगर कवर्धा ने (1) खेलावन यादव आ. स्व. रूपनाथ यादव (2) सिलऊ यादव आ. स्व. रूपनाथ यादव, (3) जेठराम आ. स्व. रूपनाथ यादव, (4) बैसाखु आ. स्व. रूपनाथ यादव, (5) राजाराम आ. स्व. रूपनाथ यादव, (6) लक्ष्मण यादव आ. स्व. रूपनाथ यादव, (7) भूखिन बाई पुत्री आ. स्व. रूपनाथ यादव, (8) बैसाखिन बाई पुत्री स्व. रूपनाथ यादव, (9) रजनी बाई पुत्री स्व. रूपनाथ यादव ( सभी निवासी ग्राम भागुटोला, थाना व तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.) से उनकी संयुक्त भूमि स्वामी हक की खास कवर्धा वर्तमान प.ह.नं. 03 रा.नि.म. कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. की स्थित कृषि भूमि खसरा नं. संयुक्त 383/2 रकबा 0.36 एकड़ खसरा नं. 383/4 रकबा 0.72 एकड़ कुल खसरा योग 01 कुल रकबा 1.08 एकड़ में से 0.27 एकड़ (सत्ताईस डिसमिल) को 8,50,000/- रूपये अक्षरी आठ लाख पचास हजार रूपये प्रति डिसमिल की दर से क्रय करने का सौदा दिनांक 02.04.2023 को किया गया और अग्रिम पेटे 12,00,000/- रू. अक्षरी बारह लाख रूपये चेक के माध्यम से एवं 8,00,000/- रू. अक्षरी आठ लाख रू. नगद इस प्रकार कुल 20,00,000/- रू. अक्षरी बीस लाख रू. अदा कर चुके हैं और उक्त विक्रेतागण द्वारा विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर उक्त क्रयशुदा भूमि का कब्जा मेरे पक्षकार को सौंप दिये है। तत्पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त खरीदी भूमि 0.27 एकड़ पर तार फैंसिंग भी किया गया है।

उक्त विक्रतागण द्वारा बयाना राशि प्राप्त करने के पश्चात विक्रय पत्र निष्पादित करने में टाल-मटोल करने लगे तब मेरे पक्षकार द्वारा विधि अनुरूप संविदा के यथावत पालन हेतु व्यवहार वाद न्यायालय श्रीमान् जिला न्यायाधीश कबीरधाम के समक्ष पेश किये है जिसका व्यवहार वाद क्रमांक 01अ/2024 वर्तमान में दिनांक 09.04.2025 के लिए नियत है।

उक्त विक्रेतागण द्वारा व्यवहार वाद के लंबित अवस्था में मेरे पक्षकार की क्रयशुदा उक्त भूमि 0.27 एकड़ को किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में अन्तरण/ विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। फलतः उक्त वर्णित भूमि अथवा उसके भाग को किसी भी भांति से क्रय- विक्रय संव्यवहार न करें। अन्यथा प्रस्तावित क्रेता को उक्त वर्णित भूमि पर कोई हक, अधिकार व स्वामित्व प्राप्त नहीं होगी।

दीपक केशरी, अधिवक्ता
कवर्धा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

## नव-निर्वाचित सरपंच व उपसरपंच ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कंझेटा के नवनिर्वाचित सरपंच भागीरती सोनवानी एवं उपसरपंच संजय चंद्रवंशी तथा ग्रामीण के कार्यकर्ता साथ कवर्धा विश्राम भवन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा, गौ सेवक अध्यक्ष विशेषर पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी से सौजन्य भेंट-मुलाकात कर ग्राम कंझेटा व आसपास क्षेत्र के विकास कार्यो के बारे में परिचर्चा किया गया, जिसमें सरपंच भागीरथी सोनवानी, उप-सरपंच संजय चंद्रवंशी, दीपचंद चंद्रवंशी, लोकनाथ चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, रोहित चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया शासकीय मात्स्यिकी महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण




**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के अग्रणी आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बॉयोटेक्नोलॉजी व जूलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं को प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में बॉयोटेक्नोलॉजी एवं जूलॉजी की विभागाध्यक्ष डॉ सीमा मंडावी तथा अतिथि व्याख्याता सिम्मी ठाकर एवं उमेश राजपूत द्वारा शासकीय स्व. श्री पुनाराम निषाद मात्स्यिकीय महाविद्यालय कवर्धा कबीरधाम शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें छात्र छात्राओ को मात्स्यिकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक परिषर, फिश म्यूजियम, लाइब्रेरी व विभिन्न प्रयोगशाला (बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, एक्सटेंशन रूम, फिश प्रोसेसिंग, फार्मर्स एडवाइजरी, बॉयोकेमिस्ट्री लैब इत्यादि) की जानकारियां प्राप्त करने का अवसर मिला। मात्स्यिकीय महाविद्यालय से डॉ जितेंद्र जाखड़, डॉ झामलाल जांगड़े, डॉ हरिप्रसाद मोहले, तामेश्वर निषाद व हर्षा वर्थिनी द्वारा विभिन्न इंस्ट्रूमेंट्स, फिशेस, फिश प्रोसेसिंग एवं तकनीकों के बारे में जानकारियां दी गई।

## कबीरधाम पुलिस ने कुर्सी तोड़ने वाले उपद्रवियों की फोटो जारी की

**हरिभूमि कवर्धा।** भोरमदेव महोत्सव के दौरान कार्यक्रम स्थल पर उपद्रव करते हुए कुर्सियां तोड़ने वाले आरोपियों की पुलिस द्वारा फोटो जारी की गई है। इन आरोपियों को चिन्हित किया गया है और अब पुलिस की विशेष टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार करने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। भोरमदेव महोत्सव 2025 के दौरान रात्रि कालीन कार्यक्रम के दौरान कुर्सियां तोड़ने वाले उपद्रवियों की पहचान पुलिस द्वारा वीडियो और फोटो के माध्यम से की गई है। पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो भी व्यक्ति इन आरोपियों के बारे में जानकारी देगा, उसकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी और उसे उचित इनाम दिया जाएगा। कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट रूप से संदेश दिया है कि किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह कोई भी हो। पुलिस इस तरह की घटनाओं में सख्त कार्यवाही कर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आरोपी के विरूद्ध बीएनसी के तहत मामला दर्ज कर भेजा जेल

## भोरमदेव महोत्सव में कुर्सी चोरी, उत्पात व तोड़-फोड़ के आरोपी व साथी भोरमदेव पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




भोरमदेव महोत्सव के दौरान बाइक से कुर्सी चोरी कर भागने और मंच के पास कुर्सियां तोड़ने की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को गंभीरता से लेते हुए कबीरधाम पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कुर्सी चुराने वाले और तोड़फोड़ करने वाले आरोपी जीवन श्रीवास निवासी राजमहल चौक वार्ड-11 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर बाइक का नंबर ट्रैक किया, जिससे आरोपी की पहचान की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कार्यक्रम में शामिल कुछ उपद्रवी जान-बूझकर कुर्सियां तोड़ रहे थे और आम नागरिको को परेशान कर रहे थे।

वहीं आरोपी जीवन ने गिरफ्तारी के बाद अपने साथी कमल कौशिक निवासी ग्राम खैरझिटी-बंदौरा का नाम बताया कि दोनों ने मिलकर कुछ कुर्सियां तोड़ी थी फिर बाद में कुर्सी चुराया था। उपरोक्त आधार पर थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 14/2025 के तहत धारा 303(2), 324(2) बीएनसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## तीन दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 3 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम रामपुर पारा-कुण्डा में 3 अप्रैल से तीन दिवसीय जसगीत प्रतियोगिता व माता की रानी की भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5101 रुपए स्व खोरबहरा चंद्राकर एवं स्व श्रीमती जमवंती चंद्राकर के स्मृति में हरेंद्र चंद्राकर सरपंच कुण्डा द्वारा दिया जाएगा, द्वितीय पुरस्कार 3101 रुपए स्व नारायण साहू के स्मृति में दिलीप, पन्ना साहू द्वारा दिया जाएगा तथा तृतीय पुरस्कार 2101 रुपए स्व निहाल चंद्राकर के स्मृति में अवधेश चंद्राकर द्वारा दिया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार चैत्र नवरात्रि 30 मार्च को ज्योति-जोत- ज्वारा मनोकामना कलश स्थापना की जाएगी। वहीं देवी-मंदिर समितियों द्वारा माता रानी की सेवा के लिए तैयारियां जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमें ग्राम कुण्डा-रामपुर पारा स्थित श्री हनुमान जी महाराज मंदिर प्रांगण में मोहल्लेवासियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय छठ, सप्तमी एवं अष्टमी को जसगीत (माता का जागराता) प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिस पर अधिक से अधिक संख्या में आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों को उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

## राम्हेपुर कला में गौ-माता ने 5 पैर वाला बछड़े को दिया जन्म



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला निवासी भगतू साहू द्वारा गौ-माता की सेवा पशुपालन किया गया। वहीं गौ-माता ने पांच पैर को जन्म दिया है। वहीं ग्रामीणों व आसपास क्षेत्र के लोंगों द्वारा पांच पैर वाला नवजात शिशु की दर्शन के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदू धर्म मे गौ-माता की विधि विधान से पूजा-पाठ किया जाता है। जिससे राम्हेपुर कला में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## गन्ना जूस की बढ़ी मांग ...



**कवर्धा।** तेज गर्मी व बढ़ती तापमान उमस-लू से बचने के लिए शहर व क्षेत्र में गन्ना व बादाम जूस की मांग बढ़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार गन्ना व बादाम सेहत के लिए लाभदायक होता है। ग्रीष्म ऋतु भीषण गर्मी और तेज धूप से बचने के लिए आम नागरिक गन्ना जूस का उपयोग कर रहे हैं जिससे सेहतमंद व भीषण गर्मी और तेज धूप व उमस से बचा जा सकें।

## खबर संक्षेप



### कक्षा पहली से पांचवी तक की परीक्षा संपन्न

**बरबसपुर।** शहर सहित क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के छात्र छात्राओं की परीक्षा संपन्न होने से चिंता मुक्त व भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं स्कूली छात्र छात्राओं को अब एक माह बाद अंक सूची का इंतजार करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्कूल के सभी प्रधान पाठक व शिक्षक चंद्रप्रकाश धृतलहरे ने छात्र-छात्राओं को समझाइस दी की घर में रहकर पढ़ाई-लिखाई को निरंतर जारी रखें साथ ही साथ गर्मी व उमस से बचकर समय पर खेल कूद तथा पढ़ाई-लिखाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

### दस्तावेज सत्यापन की तारीख अब 3 अप्रैल तक

**कवर्धा।** लोक शिक्षण संचालनालय ने सरगुजा और बस्तर में की जा रही सहायक शिक्षक भर्ती के पंचम चरण के दस्तावेज सत्यापन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब तीन अप्रैल तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर अपने दस्तावेज का सत्यापन करा सकते हैं। दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया 19 मार्च से 26 मार्च तक निर्धारित की गई थी। सीधी भर्ती-2023 के अंतर्गत बस्तर व सरगुजा संभाग के जिलों में सहायक शिक्षक के पदों पर भर्ती की जा रही है। अधिक जानकारी वेबसाइट विभागीय बेवसाइड से प्राप्त की जा सकती है।

### श्रमिकों के खाते में जारी की गई राशि

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकार श्रमिकों व उनके परिजन की बेहतरी के लिए कई योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी कड़ी में राज्य के 86 हजार 462 श्रमिकों को 40 करोड़ 48 लाख की आर्थिक सहायता राशि जारी की गई है।

# नगर पालिका अध्यक्ष सीपी चन्द्रवंशी ने पेश किया 228 करोड़ 61 लाख का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। जब इंसान पूरे समर्पण और मेहनत से काम करता है, तो चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, वह आखिरकार सफलता प्राप्त करता है। मेहनत से कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। यही विश्वास और दृढ़ संकल्प से ही विजय प्राप्त किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अपने प्रथम बजट को परिषद के पटल पर रखा। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर विकास की उंचाईयों को आगे बढ़ाएगा। प्रस्तुत बजट को परिषद की सभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में कोई नया कर प्रस्तावित नही किया गया है उन्होनें बजट पूर्व परंपरा अनुसार राष्ट्रगान व राजगीत की धुन से कार्यवाही शुरू की। इस प्रकार आगामी वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित आय व्यय पत्र बजट प्रस्तुत किया गया है इसमें वर्ष 2025-26 हेतु अनुमानित आय 22861.95 लाख तथा व्यय 22843.30 रूपए प्रस्तावित किया गया है इस प्रकार बजट में 18 लाख 65 हजार का लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया है।

### मिल का पत्थर साबित होगा बजट

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने अपने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि विकास के लिए इस बजट में 193 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसमें चार स्थानों पर पिंक टॉयलेट निर्माण 1 करोड़, शारदा संगीत महाविद्यालय का उन्नयन, खेल विस्तारीकरण, महिला जीम की स्थापना 2 करोड़, नालंदा परिसर, जेवडन मार्ग, करपात्री स्कूल के सामने एवं परशुराम चौक से गंगानगर होते हुए वार्ड क्रमांक 08 तालाब तक गौरवपथ निर्माण 15 करोड़, शहर के चारो दिशाओं में प्रवेश द्वार का निर्माण 2 करोड़, शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण 2 करोड़ 50 लाख, तालाबों का विकास 6 करोड़, पाईप लाईन विस्तारीकरण, स्ट्राम डेऊन बड़े नाला का विकास कार्य, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे नवीन मटन मार्केट का निर्माण 2 करोड़ 50 लाख, नवीन कचरा प्रबंधन संग्रहण केन्द्र का निर्माण 1 करोड़, मुक्तिधाम विकास कार्य 5 करोड़, गार्डन विकास का कार्य 6 करोड़ 50 लाख सहित अन्य विकास कार्यो को शामिल किया गया है। इस प्रकार अधोसंरचना मद अंतर्गत 34 करोड़, राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत 24 करोड़, केन्द्र प्रवर्तित योजनांतर्गत 35 करोड़ 11 लाख, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 3 करोड़, अन्य मदो से प्राप्त राशि 15 करोड़ 64 लाख, सांसद, विधायक, अध्यक्ष पार्षद निधि से 2 करोड़ 10 लाख, निकाय राजस्व से 6 करोड़ 60 लाख रूपए का खर्च करने का प्रावधान किया गया है।



### नागरिकों व प्रतियोगी परीक्षाओं का विशेष ध्यान

नगर पालिका कवर्धा के पीछे स्थित मंगल भवन में निःशुल्क कोचिंग की स्थापना, पीएससी (लोक सेवा आयोग, व्यापम, जैसे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु, संगीत महाविद्यालय का उन्नयन कार्य एवं संगीत के बच्चों में रुचि बढ़ने काम करेंगे तथा अन्य विधाओं के कोर्स चालू करने हेतु विषेश प्रयास, पर्यावरण संरक्षण हेतु नगर पालिका क्षेत्र में 1000 हजार पेड़ लगाया जायेगा। शासन द्वारा जारी टोल फ्री नं. निदान 1100 के अलावा कवर्धा शहर की आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा टोल फ्री नंबर व नगर पालिका टैक्स पटाने में सुविधा हेतु आनलाइन पेमेंट को बढ़ावा दिया जाएगा तथा नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र के शिक्षा, खेल, संगीत आदि क्षेत्र के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान करेगें।

### महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए बनेगें 4 पिंक टायलेट

बजट में नपाध्यक्ष ने बताया कि चार स्थानों पर पिंक टॉयलेट का निर्माण होगा। पिंक टायलेट का निर्माण जो महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने में मदद करेगा। महिलाओं को साफ, सुरक्षित और आरामदायक सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक सकारात्मक पहल है। इस तरह की सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए अधिक सहूलियत और आत्मविश्वास पैदा करेगें, खासकर जब वे बाहर निकलने पर अक्सर व्यक्तिगत सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर चिंतित होती हैं अब वह चिंता दूर होगी।

### विकास कार्यो पर फोकस

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा नगर पालिका कार्यालय के सभाकक्ष में पेश किया गया। यह उनके कार्यकाल का पहला बजट था। इस बजट में नगर पालिका क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रस्ताव किया गया, जिसमें अधोसंरचना, केन्द्र प्रवर्तित योजना, राज्य प्रवर्तित योजना, पार्षद निधि, अध्यक्ष निधि, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा, जल आपूर्ति, और स्वच्छता संबंधित कार्यो को शामिल किया गया है।

**हादसा:** रेंगाखार-चिल्फी के बीच हादसा, शादी समारोह से लौट रहा था बीट गार्ड

# सड़क हादसे में बीट गार्ड की मौत, पेड़ से टकराई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



बीती रात कबीरधाम जिले के रेंगाखार थाना क्षेत्र से सामने आए एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार वन विभाग के बीट गार्ड की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि शादी समारोह से वापस लौट रहे बीट गार्ड की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते गुरूवार की रात ग्राम समनापुर निवासी बीट गार्ड प्रेमसागर शर्मा आयु करीब 35 वर्ष अपनी कार क्रमांक सीजी 07-एएल-7999 से एक शादी समारोह में शामिल होने ग्राम मुड़घुसरी गए थे। बताया जाता है कि श्री शर्मा शादी समारोह में शामिल होने के बाद रात करीब 11.30 बजे अपनी कार से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रेंगाखार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रेंगाखार-चिल्फी के बीच उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। जिससे कार चालक श्री शर्मा को गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस श्री शर्मा को कार से निकालकर अस्पताल भी ले गई लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।




### कार के उड़े परखच्चे, कार का अगला हिस्सा पेड़ में घुसा

हादसे की भीषणता को अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुर्घटना के बाद कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे देखकर ऐसा लगातार की कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके कारण कार अनियंत्रित हो गई और श्री शर्मा उसे समय रहते नियंत्रित नहीं कर पाए जिसके चलते तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई और श्री शर्मा को अपनी जान गवानी पड़ गई।



# बढ़ती गर्मी के साथ बिजली के झटके शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण ईलाकों में एक बार फिर बिजली ने झटका देना शुरूकर दिया है। माना जा रहा है कि यह विद्युत विभाग की अनेदखी और अव्यवस्था का नतीजा है जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को पूरी गर्मी भर भुगतना पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्च माह की समाप्ति के साथ ही गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढ़ने वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि शीत ऋतु की समाप्ति के बाद मार्च माह के अंतिम सप्ताह से गर्मी के जोर पकड़ने के साथ ही नगर सहित समूचे जिले में बिजली की खपत अचानक बढ़ जाती है। लोग समान्य तौर पर बिजली के उपयोग के साथ ही गर्मी से राहत पाने पंखा, कूलर, एसी सहित अन्स विद्युत उपकरणों का बेजा उपयोग करते हैं। इसके अलावा नगर में कई गन्ना रस विक्रेताओं द्वारा विद्युत मोटर का उपयोग किया जाता है। जिसकी वजह से ओवर लोड होना तथा फाल्ट आना स्वभाविक है। लेकिन अगर विद्युत विभाग इस बात को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही व्यवस्था दुरूस्त कर ले तो उपभोक्ताओं को कुछ हद तक विद्युत की आंख मिचौली से राहत मिल सकती है।

# पंडरिया बस स्टैण्ड में व्यवस्थाओं का आभाव, यात्री परेशान

- नगर पालिका पंडरिया का बस स्टैण्ड वर्षो से झेल रहा है उपेक्षा का दंश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर पालिका पंडरिया में बस स्टैण्ड व यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण हुए वर्षो बीच चुके हैं लेकिन अभी तक यहां पेयजल की व्यवस्था नहीं कराई गई है। जिसका बेजा खामियाजा इस भीषण गर्मी के दौर में यात्री सहित आसपास के दुकानदार भुगत रहे हैं।

गौरतलब है कि नगर पालिका पंडरिया में वर्षो पूर्व लाखों रूपए की लागत से बस स्टैण्ड व यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण कराया गया था। जहां कवर्धा से बिलासपुर, बिलासपुर से कवर्धा, कवर्धा से लोरमी, कोटा, लोरमी कोटा से कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों और कई लंबी दूरी तक चलने वाली दर्जनों यात्री बसों का आना-जाना दिनभर लगा रहता है।

वहीं इन बसों में सफर करने वाले यात्री भी बड़ी संख्या में स्थानीय बस स्टैण्ड में रूकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि पंडरिया के इस बस स्टैण्ड में यात्रियों के लिए कोई सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। यहां तक की इस भीषण गर्मी में यात्री पानी तक लिए मारे-मारे फिर रहे हैं।

पेयजल के आभाव में स्थानीय दुकानदारों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा यात्री प्रतिक्षालय में पंखा, साफ-सफाई का भी आभाव है। जिसकी तरफ नगर पालिका और उसमें काबिज जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है।

### अधिकारी व जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया बस स्टैण्ड आज का नहीं है बल्कि इसे निर्मित हुए वर्षो बीत चुके हैं। लेकिन निर्माण के बाद से ही पंडरिया का यह बस स्टैण्ड उपेक्षित रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि व्यवस्था सुधार की दिशा में न तो पूर्ववर्ती सरकार के ओहदेदार जनप्रतिनिधि कोई कदम उठा पाए और न ही मौजूदा सरकार के नुमाईदे इस दिशा में कुछ करते दिखाई दे रहे हैं।

# टीचर्स एसोसिएशन ने एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले के स्कूलों को आगामी एक अप्रैल से प्रातः पाली में संचालित करने की मांग किया। डीईओ की ओर से सहायक संचालक द्वय महेंद्र गुप्ता व यूआर चन्द्राकर ने ज्ञापन स्वीकार किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र में राज्य शासन के पूर्व के समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए शालाओं के संचालन के संबंध में आगामी आदेश पर्यन्त के लिए स्थाई निर्देश जारी किया गया है, जिसके बिंदु क्रमांक तीन में माह अप्रैल में समस्त शालाओं के लिए समय सीमा प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, उग्रसेन चन्द्रवंशी, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, राजेश कौशिक, उमेश चन्द्रवंशी, शिव धुर्वे, दुर्गा चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, नरेंद्र चंद्रोल, राजकिरण चन्द्रवंशी, रामसिंह साहू, महेंद्र गुप्ता, बद्री चन्द्रवंशी, भूपेंद्र साहू, हुक्मीचंद धुर्वे, अरविंद कुंजाम, प्रकाश केशरवानी, भागवत कौशिक आदि उपस्थित थे।




# गन्ना कटाई के साथ ही जंगली सुअरों की धमाचौकड़ी शुरू



- आए दिन होता है ग्रामीणों और जंगली सुअरों का आमना सामना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

हर साल की तरह इस साल भी जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्रामीण अंचलों में गन्ना कटाई के बाद जंगली सुअरों की धमाचौकड़ी आबादी क्षेत्रों में बढ़ गई। जिसे लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत देखी जा रही है। वहीं लम्बे अंतराल के बाद गन्ना के खेतों निकलकर बाहर आए जंगली सुअरों के शिकारी भी सक्रिय हो गए है।

उल्लेखनीय है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम मोहतरा, भगतपुर, धनेली, कोलेगांव, बसनी, रूसे, कापा, दामापुर, कुंडा सहित अन्य दर्जनों गांव में ग्रामीण किसानो द्वारा बड़ी मात्रा में गन्ना की खेती की जाती है। बताया जाता है कि जब से इन ईलाकों में प्रचुर मात्रा में गन्ना की खेती प्रारंभ हुई तभी से यहां आसपास के जंगलों से आकर जंगली सुअरों ने अपना डेरा जमा लिया है और बेजा फल-फूल रहे हैं। क्योंकि इन्हें इस ग्रामीण क्षेत्रों में जंगलों की अपेक्षा बड़ी सहजता से भोजन पानी के साथ ही सुरक्षा भी मिल रही है। ग्रामीणों की माने तो जंगली सुअर पूरे साल के अधिकांश महिने गन्ना खेतों के भीतर ही दुबके रहते हैं और वहीं अपना खुजर बसर करते हैं। पानी के लिए जरूर वे रात के समय गांव के तालाब आदि के पास पहुंचते हैं और बगैर किसी को नुकसान पहुंचाए फिर गन्ने के खेतों में दुबक जाते हैं। लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि अब जैसे-जैसे अंचल में गन्ने की कटाई पूरी हो रही है और खेत खाली होते जा रहे हैं जंगली सुअरों का आशियाना उजड़ रहा है और वे यहां वहां भटकते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इन दिनो क्षेत्र के कई ग्रामों में जंगली जुअरों के झुंड दिखाई देने लगे हैं जो भोजन, पानी और सुरक्षित ठिकाने की तलाश में यहां वहां भटक रहे हैं। ऐसे में कई बार ग्रामीणों और जंगली सुअरों का आमना सामना भी हो जाता है। कभी जंगली सुअर ग्रामीण पर भारी पड़ जाते हैं तो कभी ग्रामीण जंगली सुअरों पर भारी पड़ जाते हैं और उनका शिकार कर लिया जाता है। कुल मिलाकर गन्ना कटाई समाप्त होने के साथ ही यह स्थिति एक बार फिर पंडरिया क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचलों में देखने को मिल रही है।

### धड़ल्ले से किया जाता है जंगली सुअरों का शिकार

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में जंगली सुअरों की भरमार है। बीते कुछ वर्षो के दौरान पर्याप्त भोजन, पानी और सुरक्षा के चलते इन जंगली सुअरों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यही वजह है कि यहां कई ऐसे लोग जो सुअर के मांस के शौकीन हैं वे धड़ल्ले सें वन्यप्राणी सुअर का शिकार करते हैं और इसके मांस का उपयोग स्वयं करने के साथ ही उसे बेंचते भी है। लेंकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस संबंध में कई बार शिकवा शिकायतें सामने आने के बाद भी जिले का वन विभाग इस पर कोई कार्यवाही नहीं करता और सब कुछ धड़ल्ले से चल रहा है।

**कलेक्टर वर्मा ने छोटी मेहरा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया**

# विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री छोटी मेहरा ने जीते दो कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



नई दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 में जिले की अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए दो कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की गई थी और यह भारत में आयोजित होने वाली पहली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री थी। इस आयोजन का आयोजन पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था।

इस उपलब्धि पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने छोटी मेहरा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 प्रतियोगिता में 20 से अधिक देशों के पैरा एथलीटों ने भाग लिया, जिसमें जर्मनी, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सऊदी अरब, ब्राजील, रूस, कजाखस्तान, और उज्बेकिस्तान जैसे देशों के खिलाड़ी शामिल थे। 90 स्पर्धाओं में हिस्सा लेने वाले इन खिलाड़ियों के बीच, छोटी मेहरा ने गोला फेक और चक्र फेक में कांस्य पदक प्राप्त किए।

इस प्रतियोगिता में एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) के अध्यक्ष माजिद रशीद और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारेक सूई भी उपस्थित थे। पूर्व में 17 से 20 फरवरी 2025 तक चेन्नई में आयोजित 23 वें नेशनल पैरा एथलेटिक्स में भी छोटी मेहरा ने गोला फेक और चक्र फेक में दो सिल्वर मेडल हासिल किए थे। इसी शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 2025 के लिए हुआ था।

इसके अतिरिक्त खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 का आयोजन 20 से 23 मार्च 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में हुआ था, जिसमें छोटी मेहरा ने छत्तीसगढ़ को दो कांस्य पदक दिलाए। उन्होंने गोला फेक और चक्र फेक में इन पदकों को जीते।

इस दौरान छोटी मेहरा के कोच वसीम रजा कुरैशी को छत्तीसगढ़ का हेड कोच नियुक्त किया गया था। जिले की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी कठिन मेहनत और समर्पण से राज्य और जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया।

